दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K K

RNI No.61546/95

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-32 अंक-53 नर्मदापुरम ( होशंगाबाद ) शुक्रवार 03 अप्रैल 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## 'ये मनोबल गिराने की चाल', बंगाल में SIR के काम में लगे सात अधिकारियों को बंधक बनाने पर SC सख्त



नई दिल्ली (ए.) ।प. बंगाल के मालदा जिले में वोटर लिस्ट से नाम हटाए जाने को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया। गुस्साए लोगों ने 7 न्यायिक अधिकारियों को करीब 9 घंटे तक बंधक बना लिया। इस घटना पर सुप्रीम कोर्ट ने गंभीर चिंता जताते हुए इसे बेहद निंदनीय बताया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह घटना मालदा के कालियाचक इलाके में हुई, जहां विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) के काम में लगे न्यायिक अधिकारियों को प्रदर्शनकारियों ने घेर लिया। इनमें तीन महिला अधिकारी भी शामिल थीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अधिकारियों को दोपहर से लेकर देर रात तक रोके रखा गया। करीब रात 1 बजे पुलिस और अर्धसैनिक बलों की बड़ी टीम मौके पर पहुंची और सभी अधिकारियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। बताया जा रहा है कि वोटर लिस्ट से कई लोगों के नाम हटाए जाने के बाद इलाके में भारी विरोध शुरू हो गया। इसी दौरान गुस्साए लोगों ने मौके पर मौजूद न्यायिक अधिकारियों को घेर लिया और उन्हें जाने नहीं दिया। ये अधिकारी चुनाव से पहले मतदाता सूची के काम को समय पर पूरा करने में जुटे थे। बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को मतदान होना है, इसलिए यह प्रक्रिया तेजी से चल रही थी। जब पुलिस अधिकारियों को निकालकर ले जा रही थी, तब प्रदर्शनकारियों ने उनके वाहनों पर हमला करने की कोशिश की। कुछ वीडियो में गाड़ियों के शीशे टूटे हुए नजर आए और पत्थरबाजी भी हुई। हालांकि, पुलिस ने हालात को काबू में करते हुए सभी अधिकारियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया। घटना के बाद चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल पुलिस के महानिदेशक से पूरी रिपोर्ट मांगी है। वहीं, केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने आरोप लगाया कि यह घटना सत्ताधारी पार्टी के भड़काऊ बयानों का नतीजा है। उन्होंने कहा कि SIR प्रक्रिया पूरे देश में चल रही है, लेकिन इस तरह का विरोध केवल पश्चिम बंगाल में देखने को मिल रहा है। वहीं, तृणमूल कांग्रेस के नेता कुणाल घोष ने कहा कि उनकी पार्टी कानून को हाथ में लेने में विश्वास नहीं करती। उन्होंने कहा कि इस घटना की जिम्मेदारी चुनाव आयोग की है और पार्टी केवल मतदाता सूची से नाम हटाने के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध कर रही है।

## ब्रिटेन ने होर्मुज जलडमरूमध्य पर बुलाई 35 देशों की बैठक, भारतीय विदेश सचिव होंगे शामिल

नई दिल्ली,(आरएनएस)। ब्रिटेन ने होर्मुज जलडमरूध्य को खुलवाने के लिए शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने का ऐलान किया है। भारत को भी इस बैठक में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारत के विदेश सचिव बैठक में हिस्सा लेंगे। दरअसल, भारत अपनी जरूरत का करीब 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है, जिसका बड़ा हिस्सा होर्मुज से गुजरता है। ऐसे में होर्मुज के बंद होने का असर भारत पर भी पड़ रहा है।बीते दिन ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा था कि उनका देश ईरान युद्ध में शामिल नहीं होगा। उन्होंने कहा था, मुझ पर और दूसरों पर चाहे कितना दबाव, कितना शोर हो, मैं अपने सभी निर्णयों में ब्रिटिश राष्ट्रहित को ध्यान में रखकर काम करूंगा। इसीलिए मैंने यह स्पष्ट किया है कि यह हमारा युद्ध नहीं है और हम इसमें घसीटे नहीं जाएंगे।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हनुमान जयंती पर स्टेट हैंगर भोपाल परिसर में स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की।

## कानून-व्यवस्था मुझसे छीन ली गई है, चुनाव आयोग बंगाल में राष्ट्रपति शासन चला रहा है : ममता बनर्जी

मुर्शिदाबाद(आरएनएस)। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव का शोर है। इस बीच, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुर्शिदाबाद के धूमुरपहाड़ और सागरदीघी में चुनावी रैलियों के दौरान चुनाव आयोग और बीजेपी पर प्रहार किया। उन्होंने राज्य की कानून-व्यवस्था और चुनाव प्रक्रिया को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। मुर्शिदाबाद के डूमुरपहाड़ में एक जनसभा को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा, आप सभी जानते हैं कि कानून-व्यवस्था मुझसे पूरी तरह छीन ली गई है, और चुनाव आयोग सब कुछ नियंत्रित कर रहा है। चुनाव आयोग भाजपा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नियंत्रण में है। चुनाव आयोग बंगाल में राष्ट्रपति शासन चला रहा है। मालदा में न्यायिक अधिकारियों के घेराव पर ममता बनर्जी ने कहा, मुझे नहीं पता कि कल मालदा में हुई घटना के लिए कौन जिम्मेदार है। मुझे किसी ने भी इसकी सूचना नहीं दी।



## महिला आरक्षण विधेयक के लिए सरकार 16 से 18 अप्रैल तक बुलाएगी संसद का विशेष सत्र

नईदिल्ली ,(आरएनएस)। तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले केंद्र सरकार महिला आरक्षण बिल के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने पर विचार कर रही है। संसद का मौजूदा बजट सत्र गुरुवार 2 अप्रैल को समाप्त होना है, लेकिन केंद्रीय संसदीय मंत्री किरेन रिजिजू ने इसे अनिश्चितकाल तक स्थगित न करने का संकेत दिया, जिसके बाद हंगामा हुआ। संभवत: केंद्र 16, 17, 18 अप्रैल को सत्र बुलाएगी, ताकि महिला आरक्षण विधेयक से जुड़े जरूरी संशोधनों को पास कराया जा सके।बजट सत्र 2 चरणों में शुरू हुआ था। पहला सत्र 28 जनवरी से 13 फरवरी और दूसरा सत्र 9 मार्च से 2 अप्रैल तक था। आज सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होनी थी। इस बीच, खबर आई कि सरकार सदन की कार्यवाही 2 से 3 दिन बढ़ा सकती है, जिसकी घोषणा गुरुवार को लोकसभा अध्यक्ष



और राज्यसभा के सभापति करेंगे। संभावना है कि सरकार नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन करके महिला आरक्षण विधेयक का रास्ता साफ करेगी।रिजिजू ने राज्यसभा में कहा, हमारे पास कुछ विधेयक हैं, जिन्हें हमने विपक्षी दलों के सदस्यों के साथ साझा किया है। अगले 2-3 हफ्तों में एक महत्वपूर्ण विधेयक पेश किया जाएगा। इसलिए सरकार सदन को स्थगित करने का प्रस्ताव रखती है। हम बहुत जल्द निश्चित अवधि के लिए मिलेंगे। इसपर कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा कि सरकार का एकमात्र उद्देश्य चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन कर विधेयक पारित करके राजनीतिक लाभ प्राप्त करना है, जो पूरी तरह आपत्तिजनक है। रमेश ने कहा कि राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रिजिजू को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि जिस उद्देश्य का जिक्र किया जा रहा है, उसके लिए सर्वदलीय बैठक चुनाव प्रचार या 29 अप्रैल को चुनाव संपन्न होने के बाद आयोजित की जाए। इसपर रिजिजू ने जवाब दिया, हमारे लिए इसका किसी विशिष्ट राज्य चुनाव से कोई संबंध नहीं है...यह एक प्रतिबद्धता है।

## शादी के जोड़े में पति-पत्नी की लाश मिलने से सनसनीः एक ही रस्सी से फंदे पर लटका मिला शव

सागर,(आरएनएस)। मध्य प्रदेश सागर जिले के रहली थाना क्षेत्र में एक दुखद आत्महत्या का मामला सामने आया है। ग्राम मुठिया चांदपुर में नवविवाहित जोड़े ने शादी के कपड़े पहनकर एक ही रस्सी से फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मृतक की पहचान 21 वर्षीय राजेंद्र उर्फ़ गोलू और उसकी 22 वर्षीय पत्नी काजल पटेल के रूप में हुई है। दोनों की शादी मात्र 3 साल पहले हुई थी। दोनों ने प्रेम विवाह किया था।पुलिस के अनुसार दोनों ने घर के अंदर ही फांसी लगाई थी। सूचना मिलने पर रहली पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए सागर मेडिकल कॉलेज भेज दिया। रहली थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। किसी ने भी नहीं सोचा था राजेंद्र और काजल इतना भयावह कदम उठाने वाले हैं।

## पश्चिम बंगाल को बांग्लादेश नहीं बनने दूंगा, बीजेपी मुस्लिमों के खिलाफ नहीं

### -बीजेपी नेता व एक्टर मिथुन ने की ओवेसी की तारीफ कहा-वह रियल लीडर



कोलकाता,(ए.)। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 में बीजेपी नेता और बॉलीवुड अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती प्रचार में जुट गए हैं। मिथुन ने कहा कि जब तक मेरे बदन में एक बूंद खून रहेगा तब तक कोई माई का लाल पश्चिम बंगाल को बांग्लादेश नहीं बना सकता। मिथुन ने एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी को लेकर कहा कि वह मुझे बहुत पसंद हैं, पढ़े लिखे हैं। इतना अच्छा बोलते हैं। ओवैसी साहब एक रियल लीडर हैं। मिथुन ने कहा कि बीजेपी मुसलमानों के खिलाफ नहीं है। बीजेपी उनके खिलाफ है जो भारत में रह कर भारत का नुकसान करना चाहते हैं।एसआईआर को लेकर टीएमसी की तरफ से उठाए जा रहे सवाल पर मिथुन ने कहा कि बीजेपी के भी कितने वोट काट गए। 5713 करोड़ रुपए मदरसों को दिया। इतनी गन्दगी फैल चुकी है बंगाल के अंदर, झाड़ू लेकर साफ करना पड़ेगा। ममता बनर्जी अभी तो कहेंगे ही, लेकिन जीत जाएंगी तो कहेगी सब ठीक हुआ। इस बार परिवर्तन होना चाहिए और अगर नहीं हुआ तो आप भी जायेंगे और में भी जाऊंगा।

## हनी सिंह और बादशाह का वॉल्यूम 1 गाना पूरी तरह बैन, दिल्ली हाईकोर्ट ने गाने को बताया अश्लील

नई दिल्ली, (आरएनएस)। दिल्ली हाईकोर्ट ने हनी सिंह और बादशाह के आपत्तिजनक गीत वॉल्यूम 1 को सभी प्लेटफार्मों से हटाने का आदेश दिया है. जस्टिस पुरुषेंद्र कौरव की बेंच ने कहा कि उन्होंने यह गाना सुना और यह उन दुर्लभ मामलों में से एक है जिसने अदालत की अंतरात्मा पूरी तरह से झकझोर दिया है.कोर्ट ने सोशाल मीडिया समेत सभी प्लेटफार्म्स को निर्देश दिया कि वे ये सुनिश्चित करें कि गाने का अंश भी किसी सार्वजनिक प्लेटफार्म पर उपलब्ध न हो. कोर्ट ने कहा कि ये गाना अश्लील है और ये महिलाओं के लिए अपमानजनक है. गाने में महिलाओं को एक वस्तु की तरह पेश किया जा रहा है. इस गाने में कोई कलात्मक या सामाजिक मूल्य नहीं है. कोर्ट ने कहा कि कोई भी सभ्य समाज इस गाने को डिजिटल प्लेटफार्म पर चलने की अनुमति नहीं दे सकता है।

## आम आदमी पार्टी ने राघव चड्ढा को राज्यसभा के डिप्टी लीडर पद से हटाया, अशोक मित्तल को सौंपी जिम्मेदारी

नई दिल्ली (आरएनएस)। आम आदमी पार्टी ( AAP) ने राज्यसभा में अपने संगठनात्मक ढांचे में बड़ा बदलाव करते हुए राज्यसभा के डिप्टी लीडर (उपनेता) राघव चड्ढा को इस पद से हटा दिया है। उनकी जगह पंजाब से सांसद अशोक कुमार मित्तल को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी ने इस संबंध में राज्यसभा सचिवालय को औपचारिक पत्र भेजकर निर्णय की जानकारी दे दी है।सूत्रों के हवाले से यह भी जानकारी मिली है कि पार्टी द्वारा लिखे गए इस पत्र में एक और सख्त निर्देश दिया गया है। पार्टी ने कहा है कि राघव चड्ढा को उच्च



सदन में बोलने के लिए पार्टी के निर्धारित कोटे से समय न दिया जाए। वर्तमान में राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के कुल 10 सांसद मौजूद हैं। इनमें से 7 सांसद पंजाब राज्य का प्रतिनिधित्व करते हैं, जबकि 3 सांसद दिल्ली से हैं।दरअसल, कुछ समय से राघव चड्ढा की भाजपा से कथित नजदीकियों को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं तेज थीं। हालांकि, AAP के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने इन अटकलों को खारिज करते हुए स्पष्ट किया था कि चड्ढा के भाजपा में शामिल होने की कोई संभावना नहीं है और ऐसी खबरें पूरी तरह निराधार हैंदिल्ली आबकारी नीति मामले में पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल की रिहाई के बाद भी राघव चड्ढा की सार्वजनिक मंचों, प्रेस कॉन्फ्रेंस और सोशल मीडिया पर सीमित मौजूदगी ने कई सवाल खड़े किए।




## बेंगलुरु में बाल्टी में डूबने से 11 महीने के बच्चे की मौत, इंजीनियर मां ने की आत्महत्या

बेंगलुरु,(आरएनएस) कर्नाटक के बेंगलुरु में एक दर्दनाक मामला सामने आया है। यहां अपने बच्चे की मौत के बाद मां सदमे में चली गई और अपनी जान दे दी। घटना बुधवार 1 अप्रैल को चंद्र लेआउट इलाके में घटी है। मृतका 29 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर प्रतिभा हैं, जबकि उनका बेटा अगस्त्य 11 महीने का था। अगस्त्य की मौत पानी से भरे बाल्टी में डूबने से हुई थी, जबकि प्रतिभा ने फांसी लगाकर जान दी। प्रतिभा ने सुसाइड नोट भी लिखा था।

प्रतिभा सॉफ्टवेयर कंपनी में तैनात थीं और घर से काम करती थीं। उनके पति महंतेश एक टेक्नीशियन हैं। बुधवार दोपहर को प्रतिभा बेटे अगस्त्य के साथ घर पर अकेली थीं। तभी दोपहर को वह कपड़े सुखाने के लिए छत पर गईं। इस बीच उनका बेटा अगस्त्य रेंगते हुए बाथरूम तक चला गया और पानी से भरे बाल्टी में गिर गया। जब वह लौटी तो बच्चे को बाल्टी में बेसुध पाया। बेटे की मौत से वह बुरी तरह टूट गईं।

पुलिस ने बताया कि आत्महत्या से पहले प्रतिभा ने सुसाइड नोट लिखा था, जिसमें बच्चे की मौत के लिए उन्होंने खुद की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है। इसके बाद उन्होंने अपनी कलाई काटी और कुछ गोलियां खाई, फिर पंखे से फंदा लगाकर जान दे दी। शाम को उनके पति महंतेश घर लौटे और दरवाजा खटखटाया। दरवाजा न खुलने पर अपनी चाभी से अंदर प्रवेश किया और 2 शवों को देखकर चौंक गए।

## हिमंत 'सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री'; मोदी, शाह के साथ मिलकर असम में 'लैंड एटीएम' चला रहे : राहुल गांधी

बोकाजान (असम), (आरएनएस)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को भारत का ''सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री'' बताते हुए गुरुवार को आरोप लगाया कि सरमा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ मिलकर राज्य में ''लैंड एटीएम'' चला रहे हैं और आम लोगों से जमीन छीनकर बड़े उद्योगपतियों को दे रहे हैं।

बोकाजान विधानसभा क्षेत्र में पार्टी उम्मीदवार रतन इंगती के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि लोकप्रिय गायक जुबिन गर्ग असम और उसके लोगों के लिए खड़े थे और कांग्रेस पार्टी राज्य में सत्ता में आने के 100 दिनों के भीतर उनकी मौत के मामले में न्याय दिलाएगी।

राहुल ने कहा, ''भारत के सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा हैं और उनका परिवार भी भ्रष्टाचार के मामले में पहले नंबर पर है. कांग्रेस सरकार उनके खिलाफ कार्रवाई करेगी. अभी वह चाहे जितनी डींगें मार लें, उसके बाद वह पूरी तरह चुप हो जाएंगे।

लोकसभा में विपक्ष के नेता ने दावा किया कि असम में तीन बड़े कॉरपोरेट घरानों को कुल 98,400 बीघा जमीन सौंप दी गई है. उन्होंने कहा, ''ये जमीनें जनता से छीनी गई हैं. नरेंद्र मोदी, अमित शाह और हिमंत बिस्वा सरमा ने असम में एक 'लैंड एटीएम' बना दिया है. वे लोगों से



जमीन छीनते हैं और बड़े उद्योगपतियों को दे देते हैं.''प्रसिद्ध संगीतकार जुबिन गर्ग का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि वह पूरे राज्य और उसके लोगों का प्रतिनिधित्व करते थे. गर्ग की पिछले साल सितंबर में सिंगापुर में डूबने से मौत हो गई थी. कांग्रेस नेता ने कहा, ''वह किसी एक व्यक्ति, एक समुदाय, एक भाषा या एक इतिहास के लिए नहीं खड़े थे. वह असम की बहुसांस्कृतिक और बहुधार्मिक परंपरा की भावना को दर्शाते थे. हम सत्ता में आएंगे तो 100 दिनों के भीतर न्याय दिलाएंगे और यह 100 प्रतिशत तय है।

राहुल ने यह भी कहा कि कांग्रेस विकेंद्रीकरण में विश्वास करती है, जबकि भाजपा असम को दिल्ली से चलाने की कोशिश कर रही है. उन्होंने कहा, ''हम संविधान के अनुच्छेद 244(ए) को पूरी तरह लागू करने का वादा करते हैं. कार्बी आंगलोंग और छठी अनुसूची के सभी क्षेत्रों का शासन स्थानीय लोगों द्वारा किया जाएगा, न कि गुवाहाटी या दिल्ली से।

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर कांग्रेस सांसद ने दावा किया कि यह नई दिल्ली के लिए नुकसानदेह है, क्योंकि अमेरिकी वस्तुओं पर कर कम किए गए हैं और भारतीय बाजार को उनके लिए खोल दिया गया है. उन्होंने कहा, ''(अमेरिकी राष्ट्रपति) डोनाल्ड ट्रंप, एपस्टीन फाइल्स के कारण नरेन्द्र मोदी को नियंत्रित करते हैं। ट्रंप ने अमेरिका में अदाणी के खिलाफ आपराधिक मामले भी दर्ज किए थे.''कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को असम विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणापत्र जारी किया, जिसमें शासन और स्वास्थ्य सेवा जैसे 11 क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है.यहां एक चुनावी रैली में राहुल गांधी, कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष गौरव गोगोई और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी का घोषणापत्र जारी किया. घोषणापत्र के 11 संकल्पों में शासन, पहचान, स्वास्थ्य सेवा, अवसंरचना विकास, औद्योगीकरण, कृषि, ग्रामीण और शहरी विकास, जलवायु परिवर्तन और सुरक्षित असम जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है।





# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छोला क्षेत्र में खेड़ापति हनुमान जन्मोत्सव पर की पूजा-अर्चना



भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल के छोला क्षेत्र में जन आस्था के केंद्र प्राचीन खेड़ापति हनुमान मंदिर पहुंचकर हनुमान जन्मोत्सव में हिस्सा लिया।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंदिर में पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का खेल और सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने अंगवस्त्रम से स्वागत किया और गदा भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खेड़ापति हनुमान मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं को भी हनुमान जयंती की बधाई और मंगलकामनाएं दीं। मंदिर परिसर में भंडारे और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम भी हुआ।

### शिक्षा का अधिकार अधिनियम

# प्रदेश के 1 लाख 6 हजार 51 बच्चों को उनकी पसंद की निजी स्कूलों में मिला निःशुल्क प्रवेश

## आरटीई के अंतर्गत निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन लॉटरी प्रक्रिया हुई

भोपाल (निप्र)। स्कूल शिक्षा केंद्र द्वारा शिक्षा का अधिकार अधिनियम (RTE) के अंतर्गत गुरुवार को ऑनलाइन लॉटरी निकाली गई, जिसमें एक लाख 6 हजार 051 बच्चों को उनकी पसंद के निजी स्कूलों में ही प्रवेश दिया गया। इनमें से 91 हजार 543 बच्चों को उनके द्वारा चयनित प्रथम वरीयता वाले स्कूलों में ही प्रवेश मिला है। लॉटरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा इसका सीधा प्रसारण भी किया गया।संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र हरजिंदर सिंह ने आरटीई के अंतर्गत निजी विद्यालयों की प्रथम प्रवेशित कक्षा में वंचित समूह और कमजोर वर्ग के बच्चों के निःशुल्क प्रवेश के लिये ऑनलाइन लॉटरी का बटन क्लिक किया। इस प्रक्रिया का सीधा प्रसारण राज्य शिक्षा केन्द्र के यूट्यूब चैनल https: // youtube. com/live/ffjjYeJUxvofea-ture=share पर किया गया। संचालक श्री सिंह ने बताया कि मध्यप्रदेश देश भर में आरटीई के तहत ऑनलाइन लॉटरी सिस्टम अपनाने वाला अग्रणी राज्य है। इस पारदर्शी





व्यवस्था से अभिभावकों को ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से उनके क्षेत्र के स्कूलों में उनके बच्चों को निःशुल्क अध्ययन के लिए सीट आवंटित हो जाएगी। संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र ने लॉटरी में चयनित बच्चों को उनकी पंसद का स्कूल आवंटित होने पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही पारदर्शी ऑनलाइन व्यवस्था निर्मित करने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग और मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉरपोरेशन टीम की भी प्रशंसा की। राज्य शिक्षा केन्द्र संचालक ने बताया कि आरटीई के अंतर्गत इस वर्ष लॉटरी के लिए दस्तावेज सत्यापन के उपरांत 1 लाख 78 हज़ार 714 बच्चे पात्र हुए थे। जिनमें से 1 लाख 6 हजार 051 बच्चों को उनके द्वारा चयनित स्कूलों का आवंटन किया गया है। इनमें से 54 हजार 746 बालक एवं 51 हजार 305 बालिकाएं हैं। जिन्हे गुरुवार को ऑनलाइन लॉटरी में शामिल करते हुए रेंड़म पद्वति से स्कूल का आवंटन किया गया है। जिन बच्चों को स्कूल का आवंटन हुआ है, उन्हें उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से भी सूचना दी जा रही है। बच्चे आवंटित स्कूलों में 3 अप्रैल से 15 अप्रैल तक जाकर प्रवेश ले सकेंगे। इन बच्चों की फीस सरकार द्वारा नियमानुसार सीधे स्कूल के खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर की जाएगी।

### वरीयता के आधार पर स्कूलों का हुआ आवंटन

ऑनलाइन लॉटरी में विभिन्न प्रायवेट स्कूलों की नर्सरी कक्षा में 66 हजार 219, केजी-1 में 31 हज़ार 970 और कक्षा पहली में 07 हज़ार 862 बच्चों को निःशुल्क प्रवेश के लिए सीटों का आवंटन हुआ है। इनमें से 91 हजार 543 बच्चों को उनकी प्रथम वरीयता (फर्स्ट चॉइस) के स्कूलों का, 7 हजार 496 को द्वितीय वरीयता के स्कूलों का, 03 हजार 580 को तृतीय वरीयता के ?का, 01 हजार 245 को चतुर्थ वरीयता के स्कूलों का, 874 को पांचवीं वरीयता के स्कूलों का, 501 को 6वीं वरीयता के स्कूलों का, 315 को सातवीं वरीयता के स्कूलों का, 221 को आठवीं वरीयता के स्कूलों का, 160 को नवीं वरीयता के स्कूलोंका और 116 को उनकी दसवीं वरीयता के स्कूलों का आवंटन हुआ है।

# अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई ने वर्ष 2025-26 में दिखवाया मास्टर क्लास प्रदर्शन

## शून्य विशिष्ट तेल खपत के साथ एमपीईआरसी के सभी मानकों से बेहतर प्रदर्शन



भोपाल (निप्र)। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड (MPPGCL) के अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में उल्लेखनीय तकनीकी उपलब्धियां व परिचालन उत्कृष्टता का उदाहरण प्रस्तुत किया है। अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की वर्तमान में स्थापित उत्पादन क्षमता 210 मेगावाट है। गत वित्तीय वर्ष अमरकंटक ताप विद्युत गृह ने शून्य विशिष्ट तेल खपत और ज़ीरो ट्रिपिंग का अभूतपूर्व कीर्तिमान स्थापित किया, जो विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में उच्च स्तरीय इंजीनियरिंग दक्षता, उन्नत अनुरक्षण प्रणाली व कुशल परिचालन प्रबंधन का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

चचाई ने दिखाया 'मास्टरक्लास प्रदर्शन'

अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई के प्रदर्शन की एक प्रमुख विशेषता यह रही कि पावर हाउस में पूरे वित्तीय वर्ष की अवधि के दौरान एक बार भी ट्रिपिंग नहीं हुई। यह उपलब्धि विद्युत उत्पादन क्षेत्र में अत्यंत कठिन मानी जाती है तथा इसे एक मास्टरक्लास प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है। इस स्तर की परिचालन स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए पावर हाउस के अभियंताओं व तकनीकी कार्मिकों द्वारा मशीनरी के समयबद्ध अनुरक्षण, उन्नत निगरानी प्रणाली, सटीक लोड प्रबंधन व सुरक्षा प्रोटोकॉल का सुव्यवस्थित अनुपालन सुनिश्चित किया गया।एमपीईआरसी के सभी मानकों से बेहतर प्रदर्शनवित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई द्वारा कुल 1733.55 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया गया, जो संयंत्र की निरंतर, विश्वसनीय व दक्ष संचालन क्षमता को दर्शाता है। इस अवधि में प्लांट उपलब्धता कारक (Plant Availability Factor) 98.29 प्रतिशत व प्लांट लोड फैक्टर (Plant Load Factor) 94.24 प्रतिशत दर्ज किया, जो कि मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग (MPERC) द्वारा निर्धारित 85 प्रतिशत के मानकों से उल्लेखनीय रूप

# पुलिस ने निकाली बदमाशो की रंगदारी

### - जहॉ की थी अड़ीबाजी वहीं निकाला जुलूस

भोपाल(ए.)। अयोध्यानगर थाना पुलिस ने दो अडीबाज बदमाशों को धारदार छुरी सहित दबोचते हुए उनका उसी इलाके में जुलूस निकाला जहॉ आरोपियो ने फरियादी पर शराब पीने के लिये अड़ीबाजी करते हुए मारपीट की थी। पुलिस के अनुसार बीती 28 मार्च को झील नगर के आदतन बदमाश आशीष यादव उर्फ बब्बी और उसके साथी विक्की उर्फ विकास धनमेरिया ने अपने अन्य साथियो के साथ मिलकर फरियादी शिवम बिछैले के साथ राजीव नगर के मैदान में शराब पीने के लिये पैसो की अड़ीबाजी करते हुए उसके साथ मारपीट की थी।

# वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समृद्ध भारतीय ज्ञान परम्परा पर स्वत्व के साथ गर्व करने की आवश्यकता : मंत्री श्री परमार

## बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में विज्ञान में राष्ट्रीय स्वत्व पर हुआ व्याख्यान

## भारतीय वैज्ञानिकों के संघर्ष और एआई जैसी चुनौतियों पर हुआ मंथन







भोपाल (ए.)। ब्रिटिश शासनकाल में भारत को कमतर आंकने का कुत्सित प्रयास किया गया और भारतीय समाज में विद्यमान परंपरागत ज्ञान में निहित वैज्ञानिक उपलब्धियों को छुपाया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 ने, भारत को स्वाभिमान के साथ विश्वमंच पर पुनः सशक्त होकर खड़े होने का महत्वपूर्ण अवसर दिया है। हमारा देश, अपने पूर्वजों के दर्शन ज्ञानमेव शक्ति के आधार पर, विश्वमंच पर पुनः सिरमौर बनेगा, इसके भारतीय ज्ञान परम्परा में विद्यमान समृद्ध वैज्ञानिक दृष्टिकोण को युगानुकुल परिप्रेक्ष्य में पुनः सामने लाने की आवश्यकता है। यह बात उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने गुरुवार को, भोपाल स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के ज्ञान-विज्ञान भवन में, प्रज्ञा प्रवाह एवं बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विज्ञान में राष्ट्रीय स्वत्व : भारतीय वैज्ञानिकों का संघर्ष विषयक एक दिवसीय व्याख्यान के शुभारम्भ अवसर पर कही। मंत्री श्री परमार ने भारतीय ज्ञान परम्परा में विद्यमान वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर स्वत्व के भाव की जागृति के आलोक में अपने विचार साझा किए।उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुसरण में, उच्च शिक्षा में पाठ्यक्रमों में भारतीय ज्ञान परम्परा का समावेश किया जा रहा है। हर क्षेत्र, हर विधा और हर विषय में, वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समृद्ध परंपरागत भारतीय ज्ञान पर शिक्षाविद् व्यापक मंथन कर रहे हैं। मंत्री श्री परमार ने कहा कि हमारे पूर्वज प्रकृति के ऊर्जा स्त्रोतों का महत्व जानते थे, इसलिए उन्होंने कृतज्ञता के साथ नदी, सूर्य और पेड़ों के प्रति संरक्षण भाव से पूजन की परंपराएं स्थापित की थी। भारत का दृष्टिकोण विश्व को परिवार मानता है, इसका सशक्त उदाहरण है जब भारत ने कोविड के संकटकाल में, विभिन्न देशों को वैक्सीन उपलब्ध करायी और वसुधैव कुटुंबकम् के भारतीय दृष्टि को विश्वमंच पर गुंजायमान किया। मंत्री श्री परमार ने कहा कि हमें अपनी पुरातन ज्ञान परम्परा पर, स्वत्व के भाव के साथ गर्व करने की आवश्यकता है, इससे स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष 2047 तक भारत को विश्वमंच पर हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने की संकल्पना सिद्ध हो सकेगी। व्याख्यान के दौरान नेशनल सेल्फहुड इन साइंस पुस्तक का विमोचन भी किया गया।

# फिरौती, अप्राकृतिक कृत्य के बदमाश का पुलिस ने निकाला जुलूस

भोपाल(ए)। थाना कोहेफिजा पुलिस ने कोहेफिजा और थाना खजुरी सडक इलाके मे हत्या के प्रयास सहित किडनेपिंग-फिरौती के मामले मे फरार 30 हजार के इनामी आरोपी राहुल इंटर को आखिरकार कर उसकी दहशत मिटाने के लिये इलाके में उसका जुलूस निकाला। बदमाश पर लगभग 2 दर्जन से अधिक गम्भीर अपराधिक मामले दर्ज है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस आरोपी को उसके इलाके वाजपेयी नगर मल्टी में लेकर पहुचीं और वहॉ पुलिस कार्यवाही का सख्त संदेश देने और बदमाश का खौफ मिटाने के लिये उसका जुलूस निकाला गया। वारदात में शामिल उसके साथियो को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। थाना पुलिस के अनुसार बदमाश ने नई बस्ती भैंसा खेडी थाना बैरागढ में रहने वाले फरियादी धर्मेन्द्र मालवीय का आरोपी राहुल हंटर ने अपने साथियो फुफ्फू, शाका, राहुल दवाडे, रफ्फू तथा भोपाली के साथ मिलकर उसे कोहेफिजा इलाके से उसका अपहरण कर थाना शॉहजहानाबाद में स्थित मल्टी मे ले जाकर बंधक बनाया। वहॉ उसके साथ गाली-गलौच करते हुए जमकर मारपीट करने के साथ ही आप्राकृतिक कृत्य किया था।



मुख्य सचिव अनुराग जैन ने मंत्रालय में अधिकारियों के साथ पेट्रोलियम पदार्थो की उपलब्धता संबंधी बैठक कर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जिलों की स्थिति की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए

# औजार खरीदी अनुदान योजना- विदिशा के श्रमिक देवेंद्र शर्मा को 5000 की सहायता, कार्य में बढ़ी दक्षता

### निर्माण श्रमिकों के आधुनिकीकरण और वित्तीय सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम



भोपाल (निप्र)। मध्यप्रदेश में मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा संचालित 'औजार खरीदी अनुदान योजना' निर्माण श्रमिकों के सशक्तिकरण का प्रभावी माध्यम बन रही है। इस योजना के तहत पंजीकृत श्रमिकों को अपने कार्य से संबंधित औजार खरीदने पर बैंक ऋण के माध्यम से 10 प्रतिशत या अधिकतम 5000 तक का अनुदान प्रदान किया जा रहा है। विदिशा के श्रमिक देवेंद्र शर्मा को इस योजना के अंतर्गत औजार खरीदी के लिए 5000 की आर्थिक सहायता प्राप्त हुई है। इस सहयोग से उनके कार्य में दक्षता बढ़ी है और आय के नए अवसर भी सृजित हुए हैं।योजना का उद्देश्य श्रमिकों को आधुनिक उपकरणों से जोड़ना और उन्हें औपचारिक बैंकिंग प्रणाली से जोड़कर वित्तीय रूप से सशक्त बनाना है। इसके लिए श्रमिक का पंजीकृत होना, 60 वर्ष से कम आयु और अपने कार्यक्षेत्र से संबंधित औजारों की खरीदी अनिवार्य है। आवेदन प्रक्रिया को सरल रखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में जनपद पंचायत तथा शहरी क्षेत्रों में नगरीय निकायों के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है।

# प्रयोगशालाओं के तकनीकी प्रशिक्षण से शिक्षकों की क्षमता में होगी वृद्धि : सचिव डॉ. गोयल

## प्रयोगशालाओं को बेहतर बनाने विज्ञान संकाय शिक्षकों को राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान में दिया जा रहा प्रशिक्षण

भोपाल (निप्र)। मध्यप्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की मंशा के अनुरूप विज्ञान संकाय की शिक्षा को समृद्ध किया जा रहा है। इसमें विभाग द्वारा विज्ञान विषय के शिक्षकों के लिए राष्ट्रीय स्तर के संस्थान में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। फिजिक्स, केमिस्ट्री एवं मैथमेटिक्स जैसे विषयों में शिक्षकों के प्रशिक्षण को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न पहलें की गई हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आधारभूत सिद्धान्त के अनुसार विभाग द्वारा सभी हाई और हायर सेंकडरी विद्यालयों में समुचित अधोसंरचना विकास के साथ प्रयोगशालाओं तथा अन्य शैक्षिक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आवश्यकता है शिक्षक साथी इन संसाधनों का कक्षा शिक्षण में यथोचित उपयोग सुनिश्चित करें, जिससे विद्यार्थी रूचिपूर्वक अध्ययन कर सकें। यह बात स्कूल शिक्षा सचिव डॉ. संजय गोयल ने शिक्षकों के प्रशिक्षण सत्र में कही। मध्यप्रदेश लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (NITTTR) भोपाल के सहयोग से विगत 28 मार्च से भौतिकी, रसायन एवं गणित (फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स) विषयों के शिक्षकों को प्रयोगशालाओं के बेहतर उपयोग एवं प्रायोगिक शिक्षण को प्रभावी बनाने का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का स्कूल शिक्षा सचिव डॉ. संजय गोयल ने एक अप्रैल को राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान भोपाल पहुंचकर



अवलोकन किया। साथ ही प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षकों से संवाद किया।

### 17,000 शिक्षक होंगे प्रशिक्षित

यह पहला अवसर है जब प्रदेश में विज्ञान शिक्षकों के लिए राष्ट्रीय स्तर के संस्थान में इस प्रकार का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में कक्षा 9 से 12 तक के विज्ञान विषय से संबंधित सभी संकायों (फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स) के शिक्षकों को विज्ञान प्रयोगशालाओं के व्यापक एवं सार्थक उपयोग का प्रशिक्षण विशेषज्ञों द्वारा दिया किया जा रहा है। प्रदेश के लगभग 17,000 शिक्षक, प्रयोगशालाओं के बेहतर उपयोग का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। प्रशिक्षण का प्रथम चरण 2 अप्रैल तक चलेगा, जिसमें कुल 416 मास्टर ट्रेनर तैयार किये जायेंगे। यह मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद अपने-अपने जिलों में प्रशिक्षण देंगे।

### सभी कक्षाओं के लिए तैयार किए गए हैं अलग-अलग मॉड्यूल

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा विज्ञान प्रयोगशाला प्रशिक्षण के लिए सभी कक्षाओं के लिए अलग-अलग मॉड्यूल तैयार किए गए हैं। इन मॉड्यूल्स में समग्र एवं संतुलित दृष्टिकोण अपनाते हुए सामग्री-आधारित प्रयोगों को शामिल किया गया है, जो विद्यार्थियों को वैज्ञानिक अवधारणाओं की गहन समझ प्रदान करते हैं। प्रत्येक प्रयोग में जीवनोपयोगिता, सिद्धांत, अधिगम उद्देश्य, कार्य विधि, प्रेक्षण, परिणाम, सावधानियां एवं प्रश्नोत्तर को व्यवस्थित रूप से सम्मिलित किया गया है।

एनटीटीटीआर के सहयोग से संचालित यह पहल भारत सरकार के "Skill India" ¥õÚU "Developed India@w®y|" के विज़न के अनुरूप है, जो हमारे शिक्षकों को उनकी दक्षता संवर्धन में सहयोग करने के साथ ही कौशल आधारित शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को भविष्य के लिए तैयार करने में भी सहायक होगी।

इस अवसर पर आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती शिल्पा गुप्ता, अपर परियोजना संचालक श्रीमती नंदा भलावी कुशरे, एनटीटीटीआर के निदेशक प्रो. चंद्र चारू त्रिपाठी एवं अन्य अधिकारी और प्रशिक्षु शिक्षक उपस्थित थे।

# चैत्र पूर्णिमा पर निकली नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा

## - हनुमान चालीसा का किया गुन गान



जबलपुर, (ए.)। जबलपुर हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से प्रत्येक माह की पूर्णिमा को पंचकोषी निकाली जाती है। ज्ञात हो सैकड़ो वर्षों से निकाली जाने वाली नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा चैत्र पूर्णिमा पर सुबह 501 वी परिक्रमा संचालक भगवान श्री हनुमान जी महाराज की सूक्ष्म उपस्थिति चल चित्र के साथ दुल दुल धोड़ी शेर भालु नृत्य करते डोल की धुन में नर्मदा भक्त हाथों में भगवा ध्वज लेते हुए संकीर्तन मंडलियों के साथ कई चरणों में हनुमान जी महाराज का गुणगान करते हुए निकली। परिक्रमा का नेतृत्व साध्वी शीला मुनि उदासीन संघ प्रचारक भूपेंद्र पाराशर ने किया दान सिंग मास्टर ने जादू दिखाकर मनोरंजन किया। आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्रदास महाराज ने परिक्रमा वासियों को बद्रीनाथ धाम से पूजित गोमती चक्र का वितरण किया गया सह संकीर्तनचार्य सुरेश विश्वकर्मा ने हनुमान चालीसा की हर लाइन पर हवन कर प्रार्थना की ताकि शीघ्र लम्हेटाघाट सरस्वती घाट का पुल बन जाए। नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल ने बताया परिक्रमा बेनगंगा पुल से प्रारंभ होकर 64 योगिनी पंचवटी धुआंधार लम्हेटा घाट से नाव पार कर शनि मंदिर डुडुवाड़ा इमलिया न्यू भेड़ाघाट होते हुए सरस्वती घाट में नाव पार कर आश्रम में विशाल भंडारे के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल संरक्षक श्रीमती सुषमाशंकर पटेल श्याम मनोहर पटेल मीना पटेल सुरेश विश्वकर्मा विनोद दीवान मनोज गुलाबवानी दुर्गा पटेल झल्लू पटेल कैलाश विश्वकर्मा विनोद विश्वकर्मा छन्नू राम पटेल सचिन अग्रवाल एडवोकेट शिव कुमार पटेल गुड्डू नेता पप्पू चौबे राजकुमार गुड़गवा आदि उपस्थित थे।

## *आगरमालवाः नाबालिक से छेड़छाड करने वाले आरोपी के मकान पर चला बुलडोजर*

*आगरमालवा,(ए.)। मध्य प्रदेश के आगरमालवा जिले के सोयतकलां में एक नौ वर्षीय मासूम के साथ छेड़छाड की घटना सामने आने के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश फेल गया तथा पीड़ित परिजनों की मांग पर गुरूवार को मामले में प्रशासन ने तेज गति से कार्रवाई करते हुए आरोपी अफरोज उर्फ नसरू पुत्र मोईन उद्दीन का अवैध मकान पर बुलडोजर कार्रवाई करते हुए ध्वस्त कर दिया।इसके पूर्व पीड़ित परिजनों व ग्रामवासियों ने आरोपी पर कड़ी व सख्त कार्रवाई करने तथा उसके द्वारा अतिक्रमण कर बनाये गये अवैध मकान पर तत्काल बुलडोजर चलाकर तोड़ने की मांग को लेकर सोयतकलां पुलिस थाना प्रभारी तथा तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा और उसके बाद सोयतकलां से गुजरे उज्जैन-झालावाड़ वाया आगरमालवा राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 552-जी पर चक्काजाम कर दिया। जिससे राजस्थान के झालावाड़ कोटा तथा आगरमालवा की और जाने वाले दोनो मार्ग पर वाहनों की लम्बी-लम्बी कतारे लग गई और यातायात पूरी तरह ठप हो गया। मौके पर हिन्दूवादी संगठनों के कार्यकर्ता भी पहुंच गये।*

## महाकाल के दरबार में पहुंचे अभिनेता राकेश बेदी, दर्शन कर मांगी सुख-समृद्धि



उज्जैन,(ए.)। मशहूर अभिनेता राकेश बेदी ने बुधवार को महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग पहुंचकर भगवान महाकाल के दर्शन किए। अभिनेता ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर देश और प्रदेश की खुशहाली की कामना की। दर्शन के दौरान मंदिर परिसर में भक्तों की हलचल बढ़ गई और कई श्रद्धालु उन्हें देखने के लिए उत्साहित नजर आए।इस अवसर पर महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से राकेश बेदी का पारंपरिक तरीके से स्वागत एवं सम्मान किया गया। वहीं अभिनेता ने भी हाथ जोड़कर श्रद्धालुओं का अभिवादन किया और कुछ देर मंदिर परिसर में रुके।

## गुड फ्राइडे पर्व पर क्रूस यात्रा आज

जबलपुर, (ए.)। संस्कारधानी का मसीही समाज आज शुक्रवार को गुड फ्राइडे का पर्व मनायेगा। इस दिन क्रूस पर प्रभु येसू की मृत्यु हुई थी। प्रभु यीशु ने संसार को प्रेम और शांति का संदेश दिया। उन्होंने कहा जो मेरा अनुसरण करना चाहता है, वह अपना क्रूस उठाकर मेरे पीछे हो ले। पुण्य शुक्रवार के पावन अवसर पर प्रातः 7.30 बजे से होली ट्रिनिटी चर्च, नेपियर टाउन, जबलपुर से क्रूस की दुःखमयी यात्रा प्रारंभ होगी। यह क्रूस यात्रा प्रातः 7.30 बजे से होली ट्रिनिटी चर्च से प्रारंभ होकर भंवरताल उद्यान, गुलाटी साइकिल कंपनी, जबलपुर हॉस्पिटल रसल चौक, राजीव गांधी चौक, नगर निगम चौक, मोटर स्टैंड, नव भारत प्रेस, संत नार्बट स्कूल के सामने से होती हुई वापिस चर्च प्रांगण में क्रूस आरोहरण के साथ समाप्त होगी।बताया गया है कि इस क्रूस यात्रा में प्रभु यीशु के दुख भोग के दृश्यों का सजीव मंचन किया जायेगा। इसमें प्रभु येसु को पिलातुस द्वारा प्राण दंड की आज्ञा से लेर कलवारी पहाड़ में क्रूस पर लटकते हुए असहनीय कष्टों एवं दर्द के उपरांत क्रूस मृत्यु का सजीव मंचन होगा। होली ट्रिनिटी चर्च, नेपियर टाउन एवं समस्त पल्लीवासी तथा पल्ली परिषद के सदस्यों ने जबलपुर नगर के समस्त मसीही जनों से गुड फ्राइडे को प्रातः 7.30 बजे क्रूस यात्रा में शामिल होने की अपील की है।



# रीवा संभाग में 2319.43 करोड़ की बड़ी जल योजना से 1.29 लाख परिवारों को मिलेगा शुद्ध पानी

### रीवा संभाग में 2319.43 करोड़ की बड़ी जल योजना से 1.29 लाख परिवारों को मिलेगा शुद्ध पानी



रीवा(ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में ग्रामीण पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ बनाने की दिशा में लगातार ठोस कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रीवा संभाग में मध्यप्रदेश जल निगम की परियोजना क्रियान्वयन इकाई, रीवा द्वारा संचालित रीवा समूह जल प्रदाय योजना ने महत्वपूर्ण प्रगति दर्ज की है। लगभग 2319.43 करोड़ रु. की लागत से विकसित इस योजना में जल शोधन संयंत्र तक रॉ वाटर पहुंचाया जा चुका है, जिससे परियोजना के आगामी चरणों में गति मिलने की स्थिति बनी है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके के मार्गदर्शन में क्रियान्वित इस योजना के माध्यम से रीवा जिले के 677 ग्रामों और मऊगंज जिले के 936 ग्रामों के कुल 1613 ग्रामों को जोड़ा जा रहा है। योजना के पूर्ण होने पर लगभग 1.29 लाख ग्रामीण परिवारों को शुद्ध और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे इन क्षेत्रों में लंबे समय से बनी जल समस्या का समाधान संभव होगा। जल शोधन संयंत्र तक रॉ वाटर की आपूर्ति सुनिश्चित होना परियोजना के क्रियान्वयन का एक महत्वपूर्ण चरण है। इसके बाद जल शोधन और वितरण नेटवर्क के माध्यम से घर-घर पेयजल आपूर्ति की दिशा में कार्य को और गति दी जाएगी। योजना में गुणवत्ता, निरंतरता और दीर्घकालिक उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए कार्य किया जा रहा है।

## *भगवान महावीर जन्म कल्याणक पर अनूठा आयोजन - पक्षियों के पानी हेतु सकोरे का वितरण किया*



*इन्दौर (ए.) । ओसवाल जैन युवा संघ द्वारा भीषण गर्मी में पक्षियों के पानी हेतु 5400 सकोरे का वितरण किया गया। संस्था अध्यक्ष रुपेंद्र जैन चीनू और सचिव अंशुल मंडलिक के अनुसार मूक पशु पक्षियों के लिए गर्मी में पानी ढूंढना बहुत मुश्किल होता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए 3 वर्ष पूर्व युवा संघ द्वारा समाज के बीच में सकोरे का वितरण प्रारंभ किया गया था। उसी परम्परा को कायम रखते इस बार भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर एक कार्यक्रम आयोजित कर यह कार्य किया गया। इसमें निहालचंद, अतिशय ढाबरिया समेत कई लोगों का सहयोग रहा। इस अवसर पर विक्रम श्रीमाल, विशाल डागरिया, अनुराग गेलडा, वीरेंद्र बोडाना, अमृत बाफना, अंकित चोपड़ा, अलकेश डांगी, रुद्रांश गेलडा, कामना श्रीमाल, राखी डागरिया, भावना डांगी, अलका चौरडिया, मधु मंडलिक, निशि चौहान और मुस्कान चोपड़ा मौजूद रहें।*

## व्यापार समाचार

# आरबीआई के कड़े एक्शन से संभला रुपया, 95 का स्तर पार करने के बाद 93.19 पर पहुंचा

मुंबई (आरएनएस)। भारतीय मुद्रा बाजार में गुरुवार को जबरदस्त उतार-चढ़ाव देखने को मिला. शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया अपने अब तक के सबसे निचले स्तर से शानदार वापसी करने में सफल रहा. भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा उठाए गए सख्त कदमों के बाद रुपया 1.6 प्रतिशत यानी 151 पैसे की मजबूती के साथ 93.19 प्रति डॉलर पर पहुंच गया.

पिछले कुछ दिनों से रुपया लगातार दबाव में था और सोमवार को इसने पहली बार 95 प्रति डॉलर के स्तर पार कर लिया था. स्थिति को बिगड़ते देख केंद्रीय बैंक ने बुधवार को हस्तक्षेप किया. आरबीआई ने अधिकृत बैंकों के लिए नए निर्देश जारी किए हैं, जिसके तहत अब बैंक ग्राहकों को रुपया-लिंक्ड नॉन-डिलिवरेबल डेरिवेटिव कॉन्ट्रैक्ट नहीं दे सकेंगे. इसके अलावा, विदेशी मुद्रा बाजार में बैंकों के लिए नेट ओपन पोजीशन की सीमा 100 मिलियन डॉलर तय कर दी गई है. इन कदमों का मुख्य उद्देश्य बाजार में रुपये के



खिलाफ होने वाली सट्टेबाजी को रोकना है.

गुरुवार सुबह जब बाजार खुला, तो रुपया 94.62 के स्तर पर था, लेकिन आरबीआई की नई नीतियों के सकारात्मक असर के कारण कुछ ही घंटों में यह सुधरकर 93.19 पर आ गया. गौरतलब है कि मंगलवार और बुधवार को महावीर जयंती और वार्षिक लेखाबंदी के कारण मुद्रा बाजार बंद था, जिससे सोमवार की भारी गिरावट के बाद निवेशकों को प्रतिक्रिया देने का आज पहला मौका मिला.

रुपये में सुधार के बावजूद घरेलू शेयर बाजार में आज भारी बिकवाली देखी गई. सेंसेक्स 1,312 अंक गिरकर 71,821 पर और निफ्टी 410 अंक टूटकर 22,383 के स्तर पर आ गया. विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा की जा रही लगातार बिकवाली (करीब 8,331 करोड़ रुपये) रुपये के लिए चिंता का विषय बनी हुई है.

इसके साथ ही, अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमतों में 4.84 प्रतिशत का उछाल आया है, जिससे कच्चा तेल 106.06 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है. डॉलर इंडेक्स भी 99.77 के स्तर पर मजबूत बना हुआ है. विशेषज्ञों का मानना है कि हालांकि आरबीआई के हस्तक्षेप से तात्कालिक राहत मिली है, लेकिन कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और भू-राजनीतिक तनाव आने वाले दिनों में रुपये की स्थिरता के लिए बड़ी चुनौती बने रहेंगे.

## शेयर बाजारः सेंसेक्स 1,500 अंक टूटा, ट्रंप के भाषण से बढ़ी चिंता

मुंबई, (आरएनएस)। भारतीय शेयर बाजार में बीते दिन की बढ़त के बाद आज भारी गिरावट देखने को मिल रही है। बाजार खुलने के कुछ ही देर बाद सेंसेक्स में 1,500 अंक की गिरावट देखने को मिली, जिससे सेंसेक्स 71,608 के निचले स्तर पर आ गया। निफ्टी 50 में भी 450 की गिरावट दर्ज हुई है और यह 22,209 के दिन के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया। सुबह-सुबह इस गिरावट से निवेशकों को करीब 9 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।शेयर बाजार में गिरावट की बड़ी वजह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा आज राष्ट्र के नाम संबोधन में दिया गया बयान माना जा रहा है। अपने संबोधन में उन्होंने ईरान के खिलाफ सख्त रुख दिखाया और संभावित सैन्य कार्रवाई के संकेत दिए।

## सोने की कीमत 10 ग्राम के लिए 1.49 लाख रुपये हुई, जानिए गिरावट की वजह

नईदिल्ली, (आरएनएस)। मुनाफावसूली और वैश्विक संकेतों के कारण बाजार पर दबाव पड़ने से गुरुवार (2 अप्रैल) को सोना-चांदी की कीमतों में भारी गिरावट आई है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने के वायदा भाव



में लगभग 2-2.5 फीसदी की गिरावट आई और यह 24 कैरेट शुद्धता वाले 10 ग्राम सोने के लिए लगभग 1.49 लाख रुपये पर पहुंच गया। चांदी की कीमत भी लगभग 5-6 फीसदी गिरकर 2.28 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के आस-पास पहुंच गई।

वैश्विक स्तर पर हाजिर सोने की कीमत लगभग 2 फीसदी गिरकर 4,664 डॉलर प्रति औंस (1.39 लाख रुपये/10 ग्राम) के आस-पास आ गई, जबकि अमेरिकी वायदा सोने की कीमत लगभग 2.5 फीसदी गिर गई है। यह गिरावट अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने और बॉन्ड यील्ड में वृद्धि के कारण आई, जिससे सोने जैसी गैर-लाभकारी संपत्तियों का आकर्षण कम हो गया। इस कारण लोग सोने में निवेश करने की जगह मुनाफावसूली के लिए बेच रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप की ओर से ईरान में अमेरिकी सैन्य कार्रवाई जारी रखने के संकेत के बाद निवेशकों का रुख सतर्क हो गया, जिससे कच्चे तेल की कीमतें बढ़ गईं और मुद्रास्फीति संबंधी चिंताएं भी बढ़ गईं। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और ब्याज दरों में मजबूती की उम्मीदों ने कीमती धातुओं के भविष्य को जटिल बना दिया है। वेल्थ विजडम के संस्थापक कृष्णा पटवारी ने कहा कि सोने की कीमत अपने उच्चतम स्तर से लगभग 10-15 फीसदी गिर चुकी है।

## घरेलू उद्योगों को बड़ी राहत, जून 2026 तक पेट्रोकेमिकल आयात पर नहीं लगेगी ड्यूटी

नई दिल्ली(आरएनएस)। पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में उत्पन्न गतिरोध के बीच, भारत सरकार ने घरेलू विनिर्माण क्षेत्र को बड़ी राहत दी है. केंद्र सरकार ने एक महत्वपूर्ण अधिसूचना जारी करते हुए 40 प्रमुख पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर सीमा शुल्क को पूर्ण रूप से माफ करने की घोषणा की है. यह निर्णय 2 अप्रैल, 2026 से प्रभावी हो गया है और 30 जून, 2026 तक लागू रहेगा.

वित्त मंत्रालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, इस पहल का प्राथमिक उद्देश्य पश्चिम एशिया (विशेषकर अमेरिका-ईरान संघर्ष) के कारण कच्चे माल की कीमतों में आई भारी उछाल से भारतीय उद्योगों को सुरक्षा प्रदान करना है. फरवरी के उत्तरार्ध से वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे पेट्रोकेमिकल फीडस्टॉक और इंटरमीडिएट्स पर निर्भर उद्योगों की इनपुट लागत 20-25 प्रतिशत तक बढ़ गई है.

विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम कॉस्ट-पुश इन्फ्लेशन को नियंत्रित करने में सहायक होगा. भारत अपनी पेट्रोकेमिकल इंटरमीडिएट जरूरतों का लगभग 45 प्रतिशत आयात करता है. ऐसे में सीमा शुल्क हटाना न केवल उद्योगों की लाभप्रदता बनाए रखने में मदद करेगा, बल्कि अंतिम उपभोक्ताओं को भी कीमतों में वृद्धि से बचाएगा.सरकार ने स्पष्ट किया है कि वह वैश्विक और भू-राजनीतिक स्थितियों पर कड़ी नजर रख रही है. यदि आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान जून के बाद भी जारी रहता है, तो इस राहत अवधि को आगे बढ़ाने पर विचार किया जा सकता है.

# शेयर बाजार हल्की बढ़त के साथ बंद

### सेंसेक्स 185, निफ्टी 33 अंक ऊपर आया



मुंबई (ए.)। भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को हल्की बढ़त के साथ बंद हुआ। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरान पर अगले कुछ दिनों में हमले तेज करने की घोषणा के कारण आज सुबह बाजार की शुरुआत भारी गिरावट के हुई पर समय के साथ ही बाजार संभल गया और अंत में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 185.23 अंक बढ़कर 73,319.55 पर बंद हुआ। वहीं पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी निचले स्तर से उबरते हुए 33.70 अंक ऊपर आकर 22,713.10 पर बंद हुआ।

आज कारोबार के दौरान ही बाजार में आईटी शेयरों की तेजी से रिकवरी हुई। निफ्टी आईटी 2.60 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ जबकि निफ्टी रियल्टी 1.07 फीसदी, निफ्टी सर्विसेज 0.54 फीसदी, निफ्टी मेटल 0.39 फीसदी, , निफ्टी प्राइवेट बैंक 0.39 फीसदी, और निफ्टी एफएमसीजी 0.21 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.93 फीसदी, , निफ्टी फार्मा 0.92फीसदी, , निफ्टी हेल्थकेयर 0.86 फीसदी, , निफ्टी ऑयलएंडगैस 0.79 फीसदी, , निफ्टी ऑटो 0.62 फीसदी, और निफ्टी इन्फ्रा में 0.45 की गिरावट रही।

सेंसेक्स के शेयरों में एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, मारुति सुजुकी, टाइटन, एक्सिस बैंक, बीईएल, कोटक महिंद्रा बैंक, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, इंडिगो, एलएंडटी और एसबीआई के शेयर लाभ में रहे जबकि एशियन पेंट्स, सन फार्मा, एनटीपीसी, पावर ग्रिड, एमएंडएम, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व और टाटा स्टील के शेयर गिरे। लार्जकैप की जगह पर मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में कमजोरी रही। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 142.10 अंक की गिरावट के साथ 53,677.05 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 59.30 अंक नीचे आकर 15,650.50 पर था।आज शुरुआती कारोबार में भारी गिरावट देखी पर सत्र के मध्य में मूल्य आधारित खरीदारी और रुपए में आई मजबूती के कारण बाजारों को बल मिला। रुपए ने पिछले 12 वर्षों में अपनी सबसे बड़ी बढ़त दर्ज की। इसके चलते दोनों सूचकांक सकारात्मक स्तर पर बंद हुए। इससे पहले आज सुबह बाजार गिरावट के साथ खुला। बाजार में ये गिरावट अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के ताजा बयान से आई है जिससें उन्होंने कहा है कि अमेरिका अब ईरान के खिलाफ अपने लक्ष्य हासिल करने के करीब है और ऐसे में अब हमले और तेज किये जाएंगा। अमेरिका से आये इस ताज बयान से निवेशकों में डर का माहौल है जिससे बिकवाली हावी हो गयी। ट्रंप के बयान के बाद एशियाई सहित सभी बाजार नीचे आये।

## इंडिगो ने 275 रुपये से 10,000 रुपये तक फ्यूल चार्ज बढ़ाने की घोषणा की, कई रूट्स पर हवाई किराए बढ़ेंगे

नई दिल्ली (आरएनएस)। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने कहा कि वह विमान ईंधन की कीमतों में वृद्धि के बाद दो अप्रैल से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर 275 रुपये से लेकर 10,000 रुपये तक का संशोधित ईंधन शुल्क लगाना शुरू करेगी.

ईंधन शुल्क में इस बढ़ोतरी से विभिन्न घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के हवाई किराए बढ़ने तय हैं. एयरलाइन की यह घोषणा उस दिन आई है, जब विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमतों में संशोधन किया गया और सरकार ने घरेलू उड़ानों के लिए कीमतों में 25 प्रतिशत की आंशिक बढ़ोतरी का फैसला किया.पश्चिम एशिया संकट के कारण ईंधन की कीमतों में आए उछाल के मद्देनजर एयरलाइन 14 मार्च से ही घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के टिकटों पर 425 रुपये से 2,300 रुपये तक का ईंधन शुल्क वसूल रही है. घरेलू उड़ानों के लिए दूरी के आधार पर संशोधित ईंधन शुल्क 275 रुपये से 950 रुपये के बीच होगा.इंडिगो ने एक बयान में कहा, इंडिगो ने अलग-अलग यात्रा दूरियों के हिसाब से अपने घरेलू ईंधन शुल्क को फिर से निर्धारित किया है। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के मामले में, दूरी के आधार पर ईंधन शुल्क 900 रुपये से लेकर 10,000 रुपये तक होगा.

बयान में कहा गया, अंतरराष्ट्रीय परिचालन के लिए पिछले महीने में एटीएफ की कीमतें दोगुनी से अधिक हो गई हैं, जिसके चलते इन मार्गों पर एयरलाइन की परिचालन लागत पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है। ये संशोधित शुल्क दो अप्रैल को रात 00-01 बजे से लागू होंगे.

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## डेमोग्रैफिक डिविडेंड गंवा देने का खतरा

जो देश अपनी युवा श्रमशक्ति का पूरा उपयोग नहीं कर पाते, उनके संबंध में आम समझ है कि वे धनी होने से पहले बूढ़ा हो जाते हैं। एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक भारत पर डेमोग्रैफिक डिविडेंड गंवा देने का खतरा मंडरा रहा है।युवा आबादी के संभावित लाभ को भारत गंवाने जा रहा है– यह निष्कर्ष है अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी के 'भारत में कामकाज की स्थिति–2026' रिपोर्ट का। इसके मुताबिक 2030 में युवा आबादी (15–29 वर्ष) अपनी चरम संख्या पर पहुंच जाएगी। उसके बाद इसमें गिरावट आने लगेगी। फिलहाल 36.7 करोड़ युवा इस उम्र वर्ग में हैं, जो कुल कामकाजी उम्र की आबादी का एक तिहाई हिस्सा है। मगर उनमें से 26.3 करोड़ ना शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, ना रोजगार में हैं। अत: उनके श्रमशक्ति का हिस्सा बनने की संभावना नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक, 'आने वाले दशक में युवा पीढ़ी के लिए रोजगार सृजन की गति यह तय करेगी कि डेमोग्रैफिक डिविडेंड आर्थिक लाभ में तब्दील होता है या नहीं।'

मगर रोजगार की सूरत यह है कि सिर्फ सात प्रतिशत पुरुष स्नातकों को डिग्री लेने के बाद पहले साल में नियमित वेतन वाली नौकरी मिल पाती है। ह्वाइट कॉलर जॉब्स की बात करें, तो यह संख्या महज 3.7 फीसदी है। तो रिपोर्ट में कहा गया है– 'ये संख्याएं चिंताजनक सूरत की झलक हैं। सुरक्षित ह्वाइट कॉलर जॉब ढूंढना अत्यधिक दुर्लभ घटना बनी हुई है।' वैसे चिंताजनक अनेक अन्य आंकड़े भी रिपोर्ट में हैं। उनमें एक बेरोजगार स्नातकों की विस्फोटक ढंग से बढ़ती गई संख्या है। 2004 में 30 लाख स्नातक बेरोजगार थे। यह संख्या 2011 में 40 लाख पहुंच गई।

2011–17 में इसमें बेहद तेज रफ्तार से बढ़ोतरी हुई। 2023 तक ये तदाद एक करोड़ 10 लाख तक पहुंच चुकी थी। इन स्थितियों के साथ कोई देश आर्थिक महाशक्ति बनने की कैसी उम्मीद जोड़ सकता है? जो देश अपनी युवा श्रमशक्ति का पूरा उपयोग नहीं कर पाते, उनके संबंध में आम आर्थिक समझ है कि वे धनी होने से पहले बूढ़ा हो जाते हैं। विश्व बैंक की श्रेणी के मुताबिक भारत लगभग तीन हजार डॉलर सालाना प्रति व्यक्ति आय के साथ अभी भी निम्न– मध्यम आय वर्ग वाला देश है। यानी धनी होने के पहले उसे उच्च मध्य वर्ग की श्रेणी (4,500 से 14000 डॉलर) पार करनी है। जबकि युवा आबादी की संख्या में वृद्धि के अब सिर्फ चार साल बाकी हैं।

# धार्मिक आयोजनों के कुप्रबंध का नतीजा है भगदड़ में मौतें

– मनोज कुमार अग्रवाल



धार्मिक आयोजनों में आए दिन भगदड़ में लोग अकाल मृत्यु के निवाले बन रहे हैं। भगदड़ में आम आदमी का दब कुचलकर मरना अब एक नियती सी बन गयी है। कुंभ के मेले से लेकर खेल के मैदान, राजनेताओं की सभा, फिल्म सितारों के जश्न, कथावाचकों के पांडालों और धार्मिक आस्था के केंद्र मंदिरों तक बार बार इन घटनाओं की पुनरावृत्ति हो रही है। ऐसी घटनाओं में हर बार आम आदमी ही मारा जाता है। बार बार हो रहे ऐसे हादसों से फिलहाल तो कोई सबक नहीं लिया गया है लेकिन अब समय आ गया है कि भीड़ नियंत्रण के लिए राष्ट्र व्यापी ठोस रणनीति बनायी जाए ।अब ऐसा ही दुखद वाक्या बिहार के नालंदा जिले के शीतला मंदिर में मंगलवार को भारी भीड़ उमड़ पड़ी. चैत्र महीने के आखिरी मंगलवार को उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ से अव्यवस्था की स्थिति बन गई. इससे मची भगदड़ में आठ लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई लोग जख्मी बताए जा रहे हैं.आपको बता दें कि अभी तीन माह पहले आंध्रप्रदेश के श्रीकाकुलम स्थित वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में भी ऐसा ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना में आठ महिलाओं और एक बच्चे समेत नौ की जान गयी है।देश के किसी न किसी हिस्से से कुछ समय के अंतराल पर ऐसी खबरें आती ही रहती है। दु:खद पहलू यह है कि जब भी ऐसी कोई खबर आती है, तो दु:ख जताने के साथ जांच कमेटी बैठा दी जाती है। साथ ही मुआवजा देकर मरहम लगाकर लीपापोती कर दी जाती है, लेकिन इससे सबक लेते हुए इसको रोकने के लिए कदम कम ही उठाये जाते हैं।आपको याद रहे पिछले दिनों तमिलनाडु के करूर में टीवीके प्रमुख और अभिनेता विजय की रैली के दौरान मची भगदड़ में 40 से अधिक लोगों की जान गई। अभिनेता–राजनेता विजय की पार्टी टीवीके ने करूर में हुई रैली में हुई भगदड़ के पीछे डीएमके पर साजिश का आरोप लगाया था । इस साल 2025 में मंदिरों, रेलवे स्टेशन और महाकुंभ में भगदड़ में कई लोगों की जान गई है।आपको बता दें देश में पिछले दो दशक में दो दर्जन बार भगदड़ में करीब 1500 लोगों की जानें गई हैं, जबकि हजारों लोग घायल हुए हैं। 2025 को भगदड़ दुर्घटनाओं का साल कहा जाए तो गलत नहीं होगा। साल की शुरुआत 8 जनवरी, 2025 तिरुमाला हिल्स में भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में वैकुंठ द्वार दर्शनम के लिए टिकट लेने के लिए सैकड़ों श्रद्धालुओं के बीच हुई धक्का–मुक्की में छह श्रद्धालुओं की जान चली गई। दर्जनों लोग घायल हो गए। महाकुंभ के दौरान 29 जनवरी को संगम क्षेत्र में भगदड़ मच गई। मौनी अमावस्या के अवसर पर लाखों तीर्थयात्री स्नान के लिए जगह पाने के लिए धक्का–मुक्की कर रहे थे। भगदड़ में 30 लोगों की मौत हो गई, 60 लोग घायल हो गए। आईपीएल 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की जीत के जश्न में बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हादसा हो गया। विक्ट्री परेड शुरू होने से पहले अचानक भीड़ बेकाबू हो गई, जिससे भगदड़ मची। इस हादसे में 11 लोगों की जान चली गई और कम से कम 50 लोग घायल हुए। 15 फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 14 और 15 पर भगदड़ मच गई। भगदड़ में 18 लोगों की जान चली गई, 15 घायल हो गए। तीन मई को गोवा के शिरगाओ गांव में श्री लैराई देवी मंदिर के वार्षिक उत्सव के दौरान मची भगदड़ में 6 लोगों की मौत और करीब 100 लोग घायल हो गए। इससे पहले 4 दिसंबर 2024 को हैदराबाद में अल्लू अर्जुन की ब्लॉकबस्टर 'पुष्पा 2' की स्क्रीनिंग के दौरान मची भगदड़ में 35 वर्षीय महिला की मौत हो गई। तीन जुलाई 2024 को उत्तर प्रदेश के हाथरस में स्वयंभू बाबा भोले बाबा उर्फ नारायण साकार हरि द्वारा आयोजित 'सत्संग' (प्रार्थना सभा) में भगदड़ से 121 लोगों की मौत हो गई.। मध्य प्रदेश के इंदौर में एक मंदिर में 31 मार्च 2023 को रामनवमी के अवसर पर आयोजित 'हवन' समारोह के दौरान 'बावड़ी' या कुएं के ऊपर बनी स्लैब के ढह जाने से 36 लोगों की जान चली गई।2022 के पहले दिन जम्मू–कश्मीर में माता वैष्णो देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण मची भगदड़ में 12 लोगों की मौत हो गई। 29 सितंबर 2017 को मुंबई में पश्चिमी रेलवे के एलफिंस्टन रोड स्टेशन को मध्य रेलवे के परेल स्टेशन से जोड़ने वाले पुल पर मची भगदड़ में 23 लोगों की मौत हो गई। गोदावरी नदी के तट पर 14 जुलाई 2015 को हुई भगदड़ में 27 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई, 20 घायल हो गए। दशहरा समारोह 3 अक्टूबर 2014 को मेला समाप्त होने के तुरंत बाद पटना के गांधी मैदान में मची भगदड़ में 32 लोगों की मौत हो गई। इससे पहले 13 अक्तटूबर 2013 को मध्य प्रदेश के दतिया जिले में रतनगढ़ मंदिर के पास नवरात्रि उत्सव के दौरान भगदड़ में 115 लोगों की जान चली गई और 100 से अधिक घायल हो गए।19 नवंबर, 2012 को पटना में गंगा नदी के किनारे अदालत घाट पर छठ पूजा के दौरान पुल के ढह जाने से मची भगदड़ में 20 लोग मारे गए। 8 नवंबर, 2011को हरिद्वार में गंगा नदी के किनारे घाट पर भगदड़ मचने से 20 लोग मारे गए थे। 14 जनवरी, 2011केरल के इडुक्की जिले के पुलमेडु में जीप के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से मची भगदड़ में 104 श्रद्धालु मारे गए, 40 से अधिक घायल हो गए। 4 मार्च, 2010 उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में कृपालु महाराज के राम जानकी मंदिर में भगदड़ में लगभग 63 लोग मारे गए। 30 सितंबर, 2008 राजस्थान के जोधपुर में चामुंडा देवी मंदिर में बम विस्फोट की अफवाहों के कारण मची भगदड़ में 250 श्रद्धालु मारे गए, 60 से अधिक घायल हो गए। 3 अगस्त, 2008 हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में नैना देवी मंदिर में चट्टान गिरने की अफवाह उड़ी, जिसमें 162 लोग मारे गए।

# पता नहीं आत्मनिर्भर भारत कब बनेगा

अजीत द्विवेदी

दस साल हो गए, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि भारत अपनी ऊर्जा जरुरतों के लिए दूसरे देशों पर निर्भरता को कम करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने सात फरवरी 2016 को ओडिशा के पारादीप में भारत की सबसे बड़ी पेट्रोलियम मार्केटिंग कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन यानी आईओसी की एक रिफाइनरी का उद्घाटन करते हुए यह बात कही थी। उन्होंने उस समय एक लक्ष्य भी तय किया था। प्रधानमंत्री ने कहा था कि 2022 तक भारत अपनी ऊर्जा जरुरतों को पूरा करने के लिए विदेशी निर्भरता को 10 फीसदी तक कम करेगा। उस समय भारत 80 फीसदी से ज्यादा कच्चा तेल आयात करता था।

आज 10 साल बाद भारत का कच्चे तेल का आयात 85 फीसदी से ज्यादा हो गया है। यानी जहां दस फीसदी आयात कम होना था वहां पांच फीसदी बढ़ गया है। प्रधानमंत्री ने आयात पर निर्भरता 10 फीसदी घटाने के लक्ष्य के साथ साथ यह भी कहा था कि ऊर्जा जरुरतों के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने चार क्षेत्र बताए थे, जहां काम किया जाना था। इसमें इथेनॉल मिश्रण, इलेक्ट्रिक गाड़ियों को बढ़ावा देने, नवीकरणीय ऊर्जा के स्रोतों को बढ़ाना और तेल, गैस आदि की खोज को प्रोत्साहित करना शामिल था।

सोचें, 10 साल पहले ऊर्जा के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की बात प्रधानमंत्री के मुंह से सुनना कितना अच्छा लगा होगा! उसमें भी तात्कालिक लक्ष्य आयात में 10 फीसदी की कमी का रखा गया था। एक ब्लूप्रिंट भी पेश किया गया। लेकिन 10 साल के बाद देश कहां पहुंचा? आज स्थिति यह है कि भारत अपनी ऊर्जा जरुरतों के लिए दूसरे देशों पर पहले से ज्यादा निर्भर हो गया है। ऐसा नहीं कि सिर्फ तेल के मामले में भारत की निर्भरता बढ़ी है। हकीकत यह है कि जिस नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देकर भारत को आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाने का संकल्प किया गया था उनके लिए भी भारत दूसरे देशों पर निर्भर है। इलेक्ट्रिक गाड़ियों को बढ़ावा देना है पर उसकी लिए बैटरी और दूसरी कई तकनीकी चीजें चीन से आएंगी। इसी तरह नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों जैसे सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने का मामला है तो उसके लिए भी सोलर प्लेट्स में लगने वाले कल पुर्जे और दूसरे उपकरण चीन से आएंगे। सोचें, हम तेल के साथ साथ वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों के मामले में भी दूसरे देशों पर निर्भर हो गए हैं।

ऐसा नहीं है कि 10 साल में इन क्षेत्रों में कोई काम नहीं हुआ। लेकिन थोड़े से काम होने से तो देश ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर नहीं बन जाएगा? जब प्रधानमंत्री ने कहा कि तेल आयात में 10 फीसदी की कमी की जाएगी और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देकर भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की ओर बढ़ा जाएगा तो निश्चित रूप से उनके दिमाग में कोई योजना होगी, लंबे समय की कोई प्लानिंग होगी! फिर किसने उनको उस योजना पर काम नहीं करने दिया? ऐसा तो नहीं हो सकता है कि आत्मनिर्भरता की योजना के नाम पर थोड़ा सा उत्पादन बढ़ाने की योजना हो? जब इतनी बड़ी घोषणा की जाती है तो उसे पूरा करने के लिए उतना ही बड़ा प्रयास करना होता है। उस प्रयास में स्पष्ट कमी दिख रही है। ऐसा लग रहा है कि समय समय पर इस तरह की बातें करके प्रधानमंत्री ने लोगों को भरोसा तो दिया कि वे देश की समस्या को समझ रहे हैं और उसका समाधान करना चाहते हैं। लेकिन समाधान की दिशा में कोई गंभीर प्रयास नहीं किया। उन्होंने 2016 के बाद तेल आयात कम करने और ऊर्जा के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की बात अनेक बार कही। लेकिन सवाल है कि क्या वे देख नहीं रहे थे कि उनकी बातों या दावों में और देश की वास्तविकता में कितना अंतर है?

आज जब संकट देश के सामने आया तो सबका ध्यान इस वास्तविकता की ओर गया है। ईरान में जंग शुरू हुए 12 दिन हुए हैं और भारत में हाहाकार मचा है। भारत सरकार को आवश्यक वस्तु अधिनियम यानी एस्मा लागू करना पड़ा है। हालांकि रसोई गैस का मामला कालाबाजारी का भी है। लेकिन यह भी सही है कि किल्लत बढ़ रही है क्योंकि भारत अपनी एलपीजी की जरुरतों का 80 फीसदी से ज्यादा खाड़ी के देशों से आयात करता है और उसके भंडारण की भी वैसी व्यवस्था देश में नहीं है, जैसी कच्चे तेल के लिए है। इसलिए संकट तो है। तभी देश भर में होटल और रेस्तरां बंद हो रहे हैं और सरकार को प्राथमिकता के आधार पर आपूर्ति के नियम बनाने पड़े हैं। सरकार ने घरेलू आवंटन को सौ फीसदी रखने को कहा है लेकिन उद्योगों और व्यावसायिक संस्थाओं के आवंटन में 20 से 30 फीसदी की कटौती हुई है। एलपीजी के अलावा तेल का संकट भी है तभी विमानन कंपनियों ने किराया बढ़ाना शुरू कर दिया है। प्राकृतिक गैस की आपूर्ति कम होने से उर्वरक से लेकर प्लास्टिक उद्योग तक करीब 75 उद्योग हैं, जहां असर हुआ है। उर्वरक के उत्पादन पर असर होगा तो अंतत: उससे खाद्यान्न सुरक्षा भी प्रभावित होगी।

ऊर्जा के क्षेत्र में आयात पर निर्भरता कम करने और भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बढ़ने की घोषणा के 10 साल हुए हैं तो 'आत्मनिर्भर भारत अभियान' के भी छह साल होने जा रहे हैं। कोरोना महामारी के बीच 12 मई 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अभियान की शुरुआत की थी। सरकार की ओर से 20 लाख करोड़ रुपए के एक राहत पैकेज की घोषणा भी हुई थी। हालांकि वह पूरी तरह से क्रेडिट गारंटी की योजना थी। किसी को मदद के तौर पर इसमें से एक रुपया नहीं मिला, बल्कि सबको कर्ज देने की व्यवस्था की गई थी। लेकिन वह अलग कहानी है।

'आत्मनिर्भर भारत अभियान' के तहत तय किया गया कि भारत में बुनियादी ढांचे का विकास किया जाएगा, युवा शक्ति का अधिकतम इस्तेमाल होगा, देश की अर्थव्यवस्था का आकार बढ़ेगा, तकनीक के क्षेत्र में देश को बेहतर बनाया जाएगा और मांग को पूरा करना की आत्मनिर्भर व्यवस्था बनेगी। लेकिन छह साल के बाद कोई नया क्षेत्र ऐसा नहीं है, जिसमें आत्मनिर्भरता बनी है। जब आत्मनिर्भर भारत अभियान की घोषणा हुई थी लगभग उसी समय भारत ने चीन से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को रोकने के लिए एक नियम बनाया था।

अब उस नियम में ढील दे दी गई है। ऐसा लग रहा था कि चीन से दूरी बना कर भारत आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेगा लेकिन छह साल के बाद भारत फिर उसी रास्ते पर लौटा है। ध्यान रहे चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा 10 लाख करोड़ रुपए के करीब है। भारत अगर तेल और ऊर्जा जरुरतों के लिए खाड़ी देशों या रूस, अमेरिका पर निर्भर है तो फार्मा से लेकर फार्म सेक्टर तक और ईवी से लेकर नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत तक और रोजमर्रा की जरुरत की चीजों के लिए चीन पर निर्भर है। पता नहीं आत्मनिर्भर भारत कब बनेगा अभी तो निर्भरता कम होती भी नहीं दिख रही है।




मेष राशि: आज का दिन आपके लिए ताजगी भरा रहने वाला है। आज से डेली योग और ध्यान करने का प्रण लेगें। आज आपका मन धार्मिक कार्यों में अधिक रहेगा। समाज में लोगों के बीच आपके कर्मठता और ईमानदारी की तारीफ होगी। आज आर्थिक लाभ पाने के लिए आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। आपको अपनी मेहनत का फल अवश्य मिलेगा।

वृष राशि: आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आप नजदीक में ही अपनी मनपसंद जगह पर घूमने जाएंगे वह अच्छा समय बिताएंगे कामकाज में आपको सफलता मिलेगी। आपका दाम्पत्य जीवन खुशहाल बना रहेगा। अगर आप किसी धार्मिक संस्थान से जुड़े हैं, तो आपको लाभ होगा। आज का दिन व्यावसायिक प्रगति के लिए अनुकूल है।

मिथुन राशि: आज आपके मन में नए–नए विचार आ सकते हैं। आप किसी काम के लिए नई योजना भी बना सकते हैं। आय के स्रोतों में वृद्धि होने की संभावना है। प्राइवेट नौकरी करने वालों को आज किसी बड़ी कम्पनी से नया प्रोजेक्ट मिल सकता है आप इस पर धैर्य के साथ पूरी लग्न से कार्य करेंगे सफलता अवश्य मिलेगी।

कर्क राशि: आज का दिन आपके लिए खास रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ आपके रिश्ते और मजबूत होंगे। किसी काम के लिए की गई आपकी मेहनत आज रंग लायेगी। करियर में नए शुभ अवसर मिलेगा। असंभव सा दिखने वाले किसी काम के पूरे होने पर आपको बहुत सुकून मिलेगा। आज कार्य स्थल पर हर कोई आपकी बातों को ध्यान से सुनेगा और मानेगा।

सिंह राशि:आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आपकी बहुप्रतीक्षित मनोकामना आज पूरी हो सकती है। आज फैमिली के साथ धार्मिक यात्रा पर जाने का अवसर मिलेगा। आपके चहेते लोग आपके व्यापार में मदद कर सकते हैं। अपने बीजी शेड्यूल से समय निकालकर परिवार के साथ समय बिताएंगे, रिश्तों में विश्वास बढ़ेगा। जीवनसाथी से आपको पूरा सहयोग मिलेगा।

कन्या राशि: आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आप किसी काम में बेस्ट परफॉर्मेंस देने के लिए कुछ नया क्रिएटिव करेंगे। करियर के लिए आज का दिन मील का पत्थर साबित होगा। किसी काम के पूरे होने पर आपको प्रसन्नता होगी। आपके काम में सीनियर्स का पूरा योगदान रहेगा।

तुला राशि: आज आपका दिन ठीक ठाक रहेगा। ऑफिस में किसी जरूरी काम को पूरा करने के लिए पिछली कंपनी का अनुभव आपके काम आ सकता है। किसी नए व्यवसाय में पैसा लगाने से आपको बचना चाहिए। साथ ही कोर्ट कचहरी के मामलों से दूर रहना आपके लिए बेहतर रहेगा। आपको अपने अच्छे स्वास्थ्य के लिए एक्सरसाइज जारी रखनी चाहिए। लवमेट कहीं घूमने की प्लानिंग बना सकते हैं।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा। आप जिस भी काम को पूरा करना चाहेंगे, वो काम पूरा हो जायेगा। आप किसी पुराने मित्र से मिलने उसके घर जा सकते हैं साथ ही शाम को आप कुछ घरेलू सामान खरीदने के लिए मार्केट भी जाएंगे। अधिकारी वर्ग आपके काम से प्रसन्न हो सकते हैं। आज आप किसी नए आय के स्रोत का फायदा उठा सकते हैं।

धनु राशि: आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी और आपका कॉन्फिडेंस लेवल बढ़ेगा। रिसर्च कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने से पहले मित्रों से सलाह लेना फायदेमंद रहेगा। जीवनसाथी के साथ धार्मिक स्थलों की यात्रा पर जा सकते हैं। ये यात्रा आपके लिए बेहद सुखद रहेगी।

मकर राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको कुछ जरूरी कामों में दोस्तों की मदद मिल सकती है। साथ ही कई दिनों से अटका हुआ पैसा आपको वापस मिलेगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर परिणाम लेकर आ सकता है। आज आपको किसी प्रतियोगी परीक्षा से संबंधित शुभ समाचार मिल सकता है। आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी।

कुंभ राशि: आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज खास काम पूरा होने से आपको खुशी मिलेगी। घर में नए मेहमान के आने की खुशखबरी मिलने से घर का माहौल खुशियों से भर जायेगा। सामाजिक लोग आपके व्यक्तित्व से प्रभावित होंगे। आज आप ताजगी से परिपूर्ण रहेंगे।

मीन राशि: आज आपका दिन मिला जुला रहेगा। आज काम में पेरेंट्स की मदद मिलने से काम जल्दी ही पूरा होगा। आज आपका सहपाठी आपसे अपनी बात शेयर कर सकता है। इस राशि के छात्रों के लिए आज का दिन सामान्य रहेगा। आप अपने कठिन विषय पर शिक्षकों से चर्चा कर सकते हैं।

# भाजपा को मिली कामयाबी

हरिशंकर व्यास




बिहार में नीतीश कुमार का शासन नरेंद्र मोदी के लिए दुखती रग की तरह था। आखिर नीतीश एनडीए के इकलौते नेता थे, जिन्होंने 2013 में मोदी को एनडीए की चुनाव समिति का प्रमुख और बाद में प्रधानमंत्री पद का दावेदार बनाए जाने का विरोध करते हुए एनडीए छोड़ा था। इसके बाद वे अकेले चुनाव लड़े और मोदी ने रामविलास पासवान और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी से तालमेल करके चुनाव लड़ा। उस चुनाव में भाजपा ने ऐतिहासिक प्रदर्शन किया। उसने अकेले 243 सीटें मिलीं और एनडीए ने 32 सीटें जीतीं। नीतीश कुमार की पार्टी दो सीटों पर सिमट गई। तो मोदी को लगा कि उन्होंने नीतीश को हैसियत दिखा दी। नीतीश को भी हकीकत का अहसास हुआ तो उन्होंने 2015 के विधानसभा चुनाव में अपने धुर विरोधी लालू प्रसाद और कांग्रेस से तालमेल कर लिया।नवंबर 2015 से पहले होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले जुलाई के महीने में नरेंद्र मोदी बतौर प्रधानमंत्री बिहार के मुजफ्फरपुर में एक सभा करने पहुंचे थे, जहां उन्होंने नीतीश कुमार के डीएनए पर सवाल उठाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि नीतीश के डीएनए में गड़बड़ी है। इसके चार महीने के बाद चुनाव में नीतीश और लालू की जोड़ी ने भाजपा और उसके सहयोगियों को बुरी तरह से हराया। मोदी प्रधानमंत्री थे और अमित शाह राष्ट्रीय अध्यक्ष और भाजपा गठबंधन को बिहार की 243 में से सिर्फ 59 सीटें मिलीं। इस हार ने मोदी और शाह को मजबूर किया कि वे नीतीश के साथ फिर से तालमेल करें। झक्ख मार कर उन्हें नीतीश को एनडीए में लाना पड़ा और मुख्यमंत्री बनाना पड़ा।मोदी और शाह की नीतीश के प्रति कैसी कुंठा या खुन्नस थी यह 2020 के चुनाव में फिर दिखा। डीएनए पर सवाल उठाने के बाद वाले चुनाव में भाजपा ने नीतीश को निपटाने का पूरा प्लान बनाया और चिराग पासवान को गठबंधन से अलग चुनाव लड़वाया। चिराग को सारे संसाधन भाजपा ने दिए यहां तक कि ज्यादातर उम्मीदवार भी भाजपा ने ही दिए, जो बाद में फिर भाजपा में लौट आए। चिराग को चुनाव नहीं जीतना था, बल्कि नीतीश को हरवाना था। इसमें काफी हद तक कामयाबी मिली। लेकिन नतीजे भाजपा के मनमाफिक नहीं आए। नीतीश तो 43 ही सीट जीत पाए लेकिन दूसरे ओर राजद 75 सीट जीत कर सबसे बड़ी पार्टी बन गई। महागठबंधन को 110 सीटें मिल गईं। सो, फिर मजबूरी हो गई कि नीतीश को सीएम बनाया जाए। हालांकि इसके बावजूद भाजपा को हैसियत दिखाने के लिए नीतीश एक बार फिर राजद के साथ जाकर सरकार बनाई। उन्होंने विपक्षी पार्टियों को एकजुट किया और 'इंडिया' ब्लॉक का गठन भी कराया। फिर मजबूरी में भाजपा को नीतीश कुमार की वापसी करानी पड़ी और बराबर सीटें देकर समझौता करना पड़ा।

भाजपा को नीतीश का शुक्रगुजार होना चाहिए था कि उनकी वजह से बिहार में एनडीए को लोकसभा में 30 सीटें मिलीं और विधानसभा में 202 सीटों का प्रचंड बहुमत मिला। लेकिन 2013 से ही नीतीश को खत्म करने की ग्रंथि पाले भाजपा नेताओं ने शुक्रगुजार होने की बजाय पहला मौका मिलते ही उनको निपटा दिया। इस बार विधानसभा चुनाव में नीतीश की पार्टी 85 सीटों पर जीती लेकिन विधानसभा का गणित ऐसा बन गया कि नीतीश के लिए दूसरे पाले में जाकर सरकार बनाना मुश्किल हो गया। दूसरे, भारत की राजनीति के सबसे अधिक कैलकुलेटिंग माइंड वाले नेता नीतीश कुमार की मानसिक अवस्था बिगड़ गई।

## (चिंतन-मनन) श्रद्धा के मुताबिक पूजा

हरेक व्यक्ति में चाहे वह जैसा भी हो, एक विशेष प्रकार की श्रद्धा पाई जाती है। लेकिन उसके द्वारा अर्जित स्वभाव के अनुसार उनकी श्रद्धा उत्तम (सतोगुणी), राजस (रजोगुणी) अथवा तामसी कहलाती है। अपनी श्रद्धा के अनुसार ही वह कतिपय लोगों से संगति करता है। अब वास्तविक तथ्य तो यह है कि जैसा कि गीता के 15 वें अध्याय में कहा गया है कि प्रत्येक जीव परमेर का अंश है। अतएव वह मूलत: इन समस्त गुणों से परे होता है।

लेकिन जब वह भगवान के साथ अपने सम्बन्ध को भूल जाता है और बद्ध जीवन में भौतिक प्रकृति के संसर्ग में आता है तो वह विभिन्न प्रकार की प्रकृति के साथ संगति करके अपना स्थान बनाता है। इस प्रकार से प्राप्त कृत्रिम श्रद्धा तथा अस्तित्व मात्र भौतिक होते हैं। भले ही कोई किसी धारणा या देहात्मबोध द्वारा प्रेरित हो लेकिन मूलत: वह निगरुण या दिव्य होता है। अतएव भगवान के साथ अपना सम्बन्ध फिर से प्राप्त करने के लिए उसे भौतिक कल्मष से शुद्ध होना पड़ता है। यही एकमात्र मार्ग है, निर्भय होकर कृष्णभावनामृत में लौटने का।

श्रद्धा मूलत: सतोगुण से उत्पन्न होती है। मनुष्य की श्रद्धा किसी देवता, किसी कृत्रिम ईश्वर या मनोधर्म में हो सकती है लेकिन प्रबल श्रद्धा सात्त्विक कार्यो से उत्पन्न होती है। किंतु भौतिक बद्धजीवन में कोई भी कार्य शुद्ध नहीं होता। वे मिश्रित होते हैं। वे शुद्ध सात्त्विक नहीं होते। शुद्ध सत्त्व दिव्य होता है। इसमें रहकर मनुष्य भगवान के स्वभाव को समझ सकता है। जब तक श्रद्धा पूर्णतया सात्त्विक नहीं होती, वह प्रकृति के किसी भी गुण से दूषित हो सकती है। ये दूषित गुण हृदय तक फैल जाते हैं।

अत: किसी विशेष गुण के सम्पर्क में रहकर हृदय जिस स्थिति में होता है, उसी के अनुसार श्रद्धा होती है। यदि किसी का हृदय सतोगुण में स्थित है तो उसकी श्रद्धा भी सतोगुणी है। यदि हृदय रजोगुण में स्थित है तो उसकी श्रद्धा रजोगुणी और तमोगुण में स्थित है तो उसकी श्रद्धा तमोगुणी होती है। पूजा इसीके आधार पर होती है।

K ✌ K

राष्ट्रीय समाचार



शुक्रवार 03 अप्रैल 2026,नर्मदापुरम (होशंगाबाद)

दैनिक क्षितिज किरण 5

## उत्तर-पश्चिम राज्यों में आज से जोर पकड़ेगी बारिश, बर्फबारी, आंधड़ और ओलावृष्टि का अलर्ट जारी

नईदिल्ली, (आरएनएस)। देशभर में मार्च के बाद अब अप्रैल में भी मौसम में उथल-पुथल जारी है। गुरुवार (2 अप्रैल) से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है, जो उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित करने वाला है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने 2-6 अप्रैल के बीच कई राज्यों में बारिश, बर्फबारी, आंधड़ और ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया है। आज 11 राज्यों में मौसम बिगड़ने के आसार हैं। इस दौरान कई जगह 70 किमी/घंटा की रफ्तार से हवा चल सकती है।

आईएमडी के मुताबिक, 2 अप्रैल को दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ और जम्मू-कश्मीर में बादल मेहरबान होंगे। 3-4 अप्रैल को कई इलाकों में ओलावृष्टि के साथ तेज हवाएं चल सकती हैं, वहीं 3 अप्रैल को कश्मीर घाटी में भारी बारिश होने की संभावना बनी हुई है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भी आने वाले 3-4 दिनों तक रुक-रुक कर बारिश होगी और पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी होने के आसार हैं।

दिल्ली समेत एनसीआर क्षेत्र में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। आज आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और कुछ जगह बारिश हो सकती है, जिससे गर्मी से लोगों को राहत रहेगी। इस दौरान अधिकतम तापमान 33 डिग्री और न्यूनतम 18 डिग्री रहने की उम्मीद है। मौसम विभाग के अनुसार, राजधानी में 3-4 अप्रैल को गरज-चमक के साथ हल्की बारिश-ओलावृष्टि की संभावना बनी रहेगी। बारिश और तेज हवा के कारण वायु गुणवत्ता सूचकांक ( AQI ) में भी सुधार हुआ है।

## सोनाली बेंद्रे मुश्किल में फंसी, पुणे के किसान ने लगाया धोखाधड़ी करने का आरोप

मुंबई,(आरएनएस)। बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे और उनके पति गोल्डी बहल को लेकर बड़ी खबर आई है। पुणे के एक किसान ने उन पर जमीनी सौदे को लेकर धोखाधड़ी और नियमों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। दावा किया गया है कि जिस जमीन को अभिनेत्री के पति द्वारा खरीदा गया है, उस पर 1957 से किसान के परिवार का पैतृक अधिकार है। आरोप है कि यह जानते हुए भी जमीन की अवैध खरीदारी की गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, स्थानीय किसान चंद्रकांत शिंदे ने वडगांव मावल के सिविल कोर्ट में याचिका दायर की है। उन्होंने आरोप लगाया कि मावल के उकसान स्थित 30 गुंठा जमीन (करीब 32,000 वर्ग फुट) पर साल 1957 से पहले से उनके परिवार का कानूनी हक रहा है। आरोप है कि उनके अधिकारों की अनदेखी करते हुए फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जमीन बेची और खरीदी गई है। यही नहीं, संबंधित जमीन पर अवैध निर्माण की कोशिश करने का आरोप भी है।

उधर सोनाली और उनके वकीलों ने इन आरोपों का खंडन किया है। अभिनेत्री ने कहा कि उनका नाम किसी भी सरकारी दस्तावेज या जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़े कागजात में नहीं है। उन्होंने दावा किया कि आरोप पूरी तरह से निराधार हैं। यह सिर्फ पैसे ऐंठने के मकसद से लगाए गए हैं। फिलहाल, किसान चंद्रकांत के वकील राजू शिंदे ने सिविल कोर्ट से जमीन पर रोक लगाने का अनुरोध किया है। मामले की अगली सुनवाई 20 अप्रैल को होगी।

## पालतू कुत्ते के खरोंच को नजरअंदाज करने पर किशोरी की रेबीज से मौत

थूथुकुडी,(आरएनएस)। तमिलनाडु के थूथुकुडी जिले में एक दुखद घटना में 11वीं कक्षा की एक 16 साल की छात्रा की रेबीज होने से मौत हो गई. कहा जा रहा है कि उसे अपने पालतू कुत्ते के खरोंचने की वजह से रेबीज हुआ था, जिसका इलाज नहीं किया गया.

ओट्टापिदारम के पास पुथियामपुथुर की रहने वाली स्टूडेंट को करीब दो महीने पहले घर पर खेलते समय उसके पालतू कुत्ते ने खरोंच दिया था. परिवार के सूत्रों के मुताबिक उसे खरोंच गंभीर नहीं लगी और उसने अपने माता-पिता को नहीं बताया. 28 मार्च को उसे तेज बुखार हुआ. जब दवा से उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ, तो उसे थूथुकुडी गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहाँ डॉक्टरों ने कन्फर्म किया कि उसे रेबीज हो गया है. फिर उसे एडवांस इलाज के लिए मदुरै राजाजी गवर्नमेंट हॉस्पिटल रेफर किया गया. हालाँकि, मेडिकल मदद के बावजूद उसकी मौत हो गई. रेबीज वायरस होने की वजह से हॉस्पिटल अधिकारियों ने बॉडी सीधे परिवार को नहीं दी. हेल्थ सेफ्टी प्रोटोकॉल का पालन करते हुए मदुरै के एक श्मशान घाट में सरकारी देखरेख में अंतिम संस्कार किया गया.

# वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का डिफेंस एक्सपोर्ट रिकॉर्ड 38,424 करोड़ पर पहुंचाः राजनाथ सिंह

नई दिल्ली,(आरएनएस)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने रक्षा निर्यात में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है. ये वित्त वर्ष 2025-26 में 38,424 करोड़ रुपये के अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया है. यह पिछले वर्ष की तुलना में 62.66 फीसदी की उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है.

सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में सिंह ने कहा कि पिछले साल की तुलना में यह उछाल भारत की स्वदेशी क्षमताओं और एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग ताकत पर दुनिया भर के भरोसे को दिखाता है. पीएम मोदी के प्रेरणा देने वाले नेतृत्व में भारत एक शानदार डिफेंस एक्सपोर्ट सफलता की कहानी लिख रहा है! भारत का डिफेंस एक्सपोर्ट में वित्त वर्ष 2025-26 में रिकॉर्ड 38,424 करोड़ रुपये के साथ अब तक के सबसे ऊंचे लेवल पर पहुंच गया है. यह पिछले फाइनेंशियल ईयर के मुकाबले 62.66 फीसदी की मजबूत वृद्धि को दर्शाता है.

रक्षा मंत्री ने कहा कि यह रिकॉर्ड बनाने वाला परफॉर्मेंस पब्लिक और प्राइवेट दोनों सेक्टर के योगदान को दिखाता है. इसमें डिफेंस पब्लिक सेक्टर



अंडरटेकिंग्स का हिस्सा 54.84 फीसदी और प्राइवेट इंडस्ट्री का 45.16 फीसदी एक्सपोर्ट है. ये मिलकर काम करने वाले और आत्मनिर्भर डिफेंस इकोसिस्टम की ताकत को दिखाता है.

पोस्ट में आगे कहा गया, डिफेंस पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग्स के 54.84 फीसदी और प्राइवेट इंडस्ट्री के 45.16 फीसदी योगदान के साथ, यह मील का पत्थर काम करने वाले और आत्मनिर्भर डिफेंस इकोसिस्टम की ताकत को दिखाता है.

इससे पहले मार्च में एक इवेंट को संबोधित करते हुए सिंह ने बताया था कि सरकारी कोशिशों के नतीजे मिल रहे हैं. वित्त वर्ष 2024-25 में घरेलू डिफेंस प्रोडक्शन 1.50 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो गया और डिफेंस एक्सपोर्ट लगभग 24,000 करोड़ रुपये के ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गया. उन्होंने कहा कि अप्रैल 2026 तक एक्सपोर्ट लगभग ऋह्य 29,000 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है, और सरकार ने वित्त वर्ष 2029-30 तक डिफेंस एक्सपोर्ट में 50,000 करोड़ रुपये का टारगेट रखा है.

प्राइवेट इंडस्ट्री की बढ़ती भूमिका पर जोर देते हुए सिंह ने कहा कि यह सेक्टर आज डिफेंस प्लेटफॉर्म, इक्विपमेंट और एक्सेसरीज में लगभग 25 फीसदी का योगदान देता है और उम्मीद है कि आने वाले समय में यह वैल्यू के हिसाब से कुल प्रोडक्शन का 50 फीसदी तक पहुंच जाएगा.

उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि इंडियन नेवी के लिए ऑर्डर किए गए सभी वॉरशिप और सबमरीन, डिजाइन और इंजीनियरिंग से लेकर कंस्ट्रक्शन और लाइफसाइकल सपोर्ट तक, इंडियन शिपयार्ड में बनाए जा रहे हैं. इसे आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ी छलांग बताया.

आत्मनिर्भरता अब सिर्फ एक नारा नहीं है. इसे एक प्रैक्टिकल सच्चाई के तौर पर स्थापित किया जा रहा है. बिल्डर्स नेवी कोई नारा नहीं है. यह एक जमीनी हकीकत है.

## सीएम का पद छोड़ने के बाद भी नीतीश को मिलेगी जेड प्लस सुरक्षा, गृह विभाग ने जारी किया आदेश



पटना,(आरएनएस)। बिहार के मुख्यमंत्री का पद छोड़ने के बाद नीतीश कुमार को जेड प्लस सुरक्षा मिलती रहेगी. इस संबंध में मंगलवार को गृह विभाग की विशेष शाखा की ओर से आदेश जारी किया गया है. ऐसे में राज्य सभा सदस्य बनने पर भी नीतीश कुमार की सुरक्षा बरकरार रहेगी.

गृह विभाग के आदेश से यह भी साफ हो गया है कि नीतीश कुमार जल्द ही मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देंगे और राज्य सभा की सदस्यता ग्रहण करेंगे. वर्तमान में नीतीश कुमार राज्य सभा के लिए निवार्चित हुए हैं. फिलहाल अभी नीतीश कुमार को एसएसजी सुरक्षा प्राप्त है, मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे के बाद उन्हें एसएसजी के साथ जेड प्लस सुरक्षा भी मिलेगी.

पुलिस महानिदेशक व डीजी विशेष शाखा को निर्णय के आधार पर जेड सुरक्षा देने का निर्देश दिया गया है. गृह विभाग की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बिहार स्पेशल सिक्योरिटी एक्ट- 2000 के तहत सुरक्षा दी जाएगी. नीतीश कुमार वर्तमान में राज्य सभा के लिए निर्वाचित हुए हैं और निकट भविष्य में बिहार विधान परिषद की सदस्यता व मुख्यमंत्री पद से त्याग-पत्र देकर राज्य सभा की सदस्यता ग्रहण करेंगे.



*तिरुवनंतपुरम के वर्कला में, वर्कला विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार एस. स्मिता के समर्थन में आयोजित एक बैठक के दौरान महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को सम्मानित किया जा रहा है।*

## पालम में अवैध एलपीजी गैस भंडारण के बड़े रैकेट का भंडाफोड़, 45 सिलेंडर बरामद



नई दिल्ली, (आरएनएस)। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के पालम गांव इलाके में पुलिस ने अवैध एलपीजी गैस भंडारण और रिफिलिंग के बड़े रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए तीन आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया है. इस कार्रवाई में 45 भारत गैस सिलेंडर, गैस ट्रांसफर उपकरण और एक टेंपो बरामद किया गया है. गश्त के दौरान पुलिस को आदर्श गली के पास एक खाली प्लॉट में अवैध गैस गतिविधियों की सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची. वहां टेंपो खड़ा मिला और, जिसके अंदर आसपास बड़ी संख्या में एलपीजी सिलेंडर रखे हुए थे.

जांच के दौरान यह भी पाया गया कि बिना किसी सुरक्षा इंतजाम के एक सिलेंडर से दूसरे में गैस ट्रांसफर की जा रही थी, जो गैरकानूनी होने के साथ बड़े हादसे को न्योता देने जैसा है. पुलिस ने मौके से अनार सिंह, सत्यवीर और विकास कुमार को गिरफ्तार किया गया, जो गैस डिलीवरी से जुड़े कर्मचारी बताए जा रहे हैं. उन्होंने खुलासा किया कि उन्होंने प्लॉट किराए पर लेकर अवैध रूप से गैस स्टोर कर रिफिलिंग का काम शुरू किया था, जिससे अवैध मुनाफा कमाया जा रहा था.

मौके पर एसडीएम द्वारका, बीपीसीएल और खाद्य विभाग की टीम ने भी निरीक्षण कर अवैध गतिविधियों की पुष्टि की. पुलिस ने मामले में आवश्यक वस्तु अधिनियम और संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर सभी सिलेंडर, नोजल, वेट मशीन और टेंपो जब्त कर लिया है.

मामले में दक्षिण-पश्चिम जिले के डीसीपी अमित गोयल ने कहा कि यह कार्रवाई लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए की गई है, क्योंकि इस तरह की अवैध गैस रिफिलिंग से बड़े हादसे की आशंका रहती है. उन्होंने बताया कि इस रैकेट से जुड़े अन्य लोगों की पहचान की जा रही है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा. आगे की जांच जारी है और इस पूरे नेटवर्क को पूरी तरह खत्म करने के लिए कार्रवाई तेज कर दी गई है.

### आम आदमी पार्टी ने राघव चड्ढा को दिया झटका, राज्यसभा में उपनेता पद से हटाया

नईदिल्ली(आरएनएस)। आम आदमी पार्टी (आप) ने राघव चड्ढा को बड़ा झटका दिया है। पार्टी ने चड्ढा को राज्यसभा में पार्टी के उपनेता के पद से हटा दिया है। उनकी जगह अब आप सांसद अशोक मित्तल उपनेता होंगे। आप ने राज्यसभा सचिवालय को भी अपने निर्णय का पत्र सौंप दिया है। साथ ही, पार्टी ने राज्यसभा सचिवालय को सूचित किया है कि सांसद चड्ढा को संसद में बोलने के लिए समय आवंटित न किया जाए।पार्टी ने यह फैसला ऐसे समय पर लिया है, जब चड्ढा पिछले काफी समय से आम आदमी से जुड़े मुद्दे संसद में उठा रहे हैं और उनकी सोशल मीडिया पर काफी तारीफ हो रही है। पिछले दिनों संसद में उन्होंने गिग वर्कर्स के काम के घंटों का मुद्दा उठाया था। इसके अलावा शिक्षा, मोबाइल बैलेंस और डाटा समेत कई अन्य मुद्दे उठाने पर उनको लोकप्रियता मिली थी। बता दें, चड्ढा के कांग्रेस में जाने की भी खबरें आ रही हैं।

# आयात में विविधता, नियमों में छूट; ऊर्जा सुरक्षा के लिए बड़े कदम उठा रही भारत सरकार

नईदिल्ली(आरएनएस)। ईरान युद्ध को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रोज मिले-जुले संकेत दे रहे हैं। इससे युद्धविराम को लेकर अनिश्चितताएं और बढ़ गई हैं। इस बीच भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा और घरेलू अर्थव्यवस्था पर असर को कम करने के लिए बहुस्तरीय रणनीति पर काम कर रहा है। इसमें तेल और गैस आयात में विविधता लाना, महंगाई पर लगाम, उर्वरक और कृषि क्षेत्र को राहत के लिए कदम जैसे उपाय शामिल हैं।

भारत अपनी जरूरत का करीब 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। होर्मुज जलडमरुमध्य बंद होने से इस आयात पर भारी असर पड़ा है। इससे निपटने के लिए भारत कई देशों से एलपीजी और पीएनजी की खरीद कर आपूर्ति श्रृंखला का विस्तार कर रहा है और खरीद प्रक्रिया में लचीलापन ला रहा है, ताकि पश्चिम एशिया पर निर्भरता कम की जा सके। भारत ने अमेरिका, रूस, समेत अर्जेंटीना तक का रुख किया है।

ईरान युद्ध के चलते एलपीजी गैस आपूर्ति भी प्रभावित हुई है। इसके बाद देश में घरेलू आपूर्ति मजबूत की गई है। हर दिन लगभग 50 लाख




एलपीजी सिलेंडर वितरित किए जा रहे हैं और लगभग 3 लाख नए गैस कनेक्शन जोड़े जा रहे हैं। पाइपलाइन के माध्यम से पीएनजी का भी तेजी से विस्तार हो रहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वैश्विक संकट के दौरान भी घरों तक ईंधन की पहुंच बनी रहे।

सरकार ने आज से चुनिंदा महत्वपूर्ण पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर सीमा शुल्क पूरी तरह खत्म कर दिया है। ये छूट 2 महीने तक लागू रहेगी। इससे प्लास्टिक और पैकेजिंग, वस्त्र, दवाइयों, ऑटोमोटिव घटक और अन्य विनिर्माण खंड क्षेत्रों को राहत मिलेगी। जिन उत्पादों पर छूट मिली हैं, उनमें शामिल हैं- केमिकल्स- एनहाइड्रस अमोनिया, टोल्यून, स्टाइरीन, मेथनॉल और फिनोल। औद्योगिक कच्चा माल- एसेटिक एसिड, प्यूरिफाइड टेरेफ्थैलिक एसिड और एपॉक्सी रेजिन। पॉलिमर- एथिलीन और विभिन्न प्रकार के फॉर्मल्डिहाइड।

बिजली की संभावित कमी से निपटने के लिए 7-8 गीगावाट क्षमता वाले गैस आधारित संयंत्रों को बिजली आपूर्ति नियमों से छूट दी गई है। इसी के साथ कोयले से बिजली बनाने वाले तापीय संयंत्रों को कोयले की आपूर्ति बढ़ाई गई है और बिजली उत्पादन के लिए स्ह्त आयात में बढ़ोतरी की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि गर्मियों के चरम मौसम के दौरान बिजली की कटौती न हो।

## पश्चिम बंगाल में भीड़ ने न्यायिक अधिकारियों को 9 घंटे तक घेरा, सुप्रीम कोर्ट ने जताई नाराजगी

कोलकाता,(आरएनएस)। पश्चिम बंगाल के मालदा में प्रदर्शनकारियों ने चुनाव कार्यालय का घेराव कर लिया। इस दौरान एसआईआर प्रक्रिया में जुटे 7 न्यायिक अधिकारी 9 घंटे तक अंदर बंद रहे। लोगों ने गाड़ियों में



भी तोड़फोड़ की। बाद में पुलिस पहुंची और चुनाव अधिकारियों को सुरक्षित जगह लेकर गई। इस घटना पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई है। कोर्ट ने पश्चिम बंगाल प्रशासन को फटकार लगाते हुए कहा कि अधिकारियों ने कठोर आदेश जारी होने के बाद ही कार्रवाई की।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा, रात 11 बजे तक आपका कलेक्टर वहां नहीं था। मुझे रात में मौखिक रूप से बहुत सख्त आदेश देने पड़े। मुझे कड़े आदेश जारी करने पड़े तभी प्रशासन हरकत में आया। न्यायिक अधिकारियों की सुरक्षा के लिए कहीं से भी बल बुलाने का अधिकार हम चुनाव आयोग पर छोड़ते हैं। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि महिला न्यायिक अधिकारी, जिनमें से एक का 5 साल का बच्चा है, उन्हें भी घंटों तक बंद रखा गया था।मुख्य न्यायाधीश ने कहा, न्यायिक अधिकारियों का मनोबल गिराने और प्रक्रिया को रोकने के लिए यह एक सोची-समझी चाल थी। घेराव दोपहर 3:30 बजे शुरू हुआ। इसके बाद रजिस्ट्रार जनरल ने अधिकारियों को सूचित किया। हालांकि, रात 8:30 बजे तक कुछ नहीं किया गया। फिर गृह सचिव से संपर्क किया गया और पुलिस महानिदेशक को हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के साथ कॉल पर लाया गया। शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया गया, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए।मालदा में लोगों ने चुनाव आयोग कार्यालय का घेराव किया था। ये लोग एसआईआर प्रक्रिया में जुटे न्यायिक अधिकारियों से मिलना चाहते थे, लेकिन अनुमति नहीं मिलने के बाद प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान 3 महिलाओं समेत 7 न्यायिक अधिकारी भूखे-प्यासे अंदर ही फंसे रहे। पुलिस ने रात करीब 12 बजे सभी लोगों को बाहर निकाला।

# मालदा में एसआईआर में शामिल न्यायिक अधिकारियों को बनाया बंधक, वोटर लिस्ट से नाम हटाए जाने के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन

मालदा(आरएनएस)। पश्चिम बंगाल के मालदा में बुधवार देर रात पुलिस को कालियाचक-2 में बीडीओ कार्यालय से एसआईआर प्रक्रिया में शामिल तीन महिलाओं समेत सात न्यायिक अधिकारियों को छुड़ाना पड़ा. खबर के मुताबिक, स्थानीय लोग राज्य में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए वोटर लिस्ट से उनके नाम हटाए जाने का विरोध कर रहे थे. इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने न्यायिक अधिकारियों को ऑफिस में 9 घंटे तक बंधक बनाए रखा.

अधिकारियों ने बताया कि बुधवार दोपहर के आसपास कुछ लोगों ने कालियाचक-2 बीडीओ ऑफिस के बाहर विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया. उनकी शिकायत थी कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान उनके नाम काट दिए गए थे. प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक, विरोध प्रदर्शन देर रात तक जारी रहा. पुलिस ने आखिरकार आधी रात के आसपास न्यायिक अधिकारियों को छुड़ाया. मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय ने अब हाल ही में नियुक्त पश्चिम बंगाल के एक्टिंग डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस, सिद्ध नाथ गुप्ता से इस घटना पर रिपोर्ट मांगी है.

जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने शुरू में न्यायिक अधिकारियों से मिलने की मांग की थी. ऑफिस में घुसने से मना करने पर, उन्होंने शाम करीब 4 बजे अपना प्रदर्शन शुरू कर दिया. उसके बाद प्रदर्शनकारियों ने पूरे बीडीओ ऑफिस परिसर को घेर लिया.

आधिकारिक सूत्रों ने पुष्टि किया है कि प्रदर्शन के दौरान ऑफिस के अंदर फंसे लोगों में तीन महिला न्यायिक अधिकारी भी थीं. चुनाव आयोग ने पूरे मामले पर कड़ी नाराजगी जताई है. राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी के ऑफिस के एक अधिकारी ने बताया कि, इस पूरे मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को दे दी गई है. जिला मजिस्ट्रेट और एसपी को तुरंत मौके पर पहुंचने का आदेश दिया गया है. उन्होंने कहा कि डीजीपी से भी घटना की रिपोर्ट मांगी गई है.सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार, न्यायिक अधिकारी अभी उन वोटरों से जुड़े मामलों की जांच कर रहे हैं जिनके नाम 28 फरवरी को जारी वोटर लिस्ट में अंडर एडजुडिकेशन (न्याय निर्णय के अधीन) के तौर पर चिन्हित किए गए थे. इस काम का मकसद यह सही-सही पता लगाना है कि इन नामों को लिस्ट में रखा जाना चाहिए या हटा दिया जाना चाहिए.गुरुवार सुबह ओल्ड मालदा में भी ऐसा ही विरोध प्रदर्शन हुआ. जिन मतदाताओं के नाम एसआईआर से बाहर थे, उन्होंने नारायणपुर बीएसएफ कैंप के पास नेशनल हाईवे 12 को ब्लॉक कर दिया.

# मालती चाहर ने बिकनी पहन बढ़ाया इंटरनेट का पारा, दिए ऐसे-ऐसे पोज, इंटरनेट पर छाई तस्वीरें



बिग बॉस 19 फेम एक्ट्रेस मालती चाहर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती है. उन्होंने बिकनी लुक में अपनी कुछ फोटोस शेयर की है, फैंस उनके इस अंदाज पर दिल हार बैठे हैं.

मालती चाहर ने हाल ही में इंस्ट्राग्राम पर अपनी हर से ज्यादा ग्लैमरस फोटोज शेयर की हैं. इन फोटोज में एक्ट्रेस पिंक कलर की बिकनी पहने नजर आ रहीं है. कुछ फोटोज में एक्ट्रेस अपना कर्वी फिगर भी फ्लॉन्ट करती नजर आई. इस ग्लैमरस लुक में एक्ट्रेस ने कई कातिलाना पोज दिए हैं, जिसके फैंस दीवाने हो गए हैं मातली चाहर की ये तस्वीरें सामने आते ही इंटरनेट पर छा गई हैं. फैंस इन फोटोज पर भर भर कर कमेंट्स कर रहे हैं. बता दें मालती चाहर आए दिन इंस्ट्राग्राम पर अपनी ग्लैमरस फोटोज शेयर करती रहती है. हर एक फोटोज में उनका अलग ही अंदाज देखने को मिलता है. मालती चाहर ने बिग बॉस 19 से खूब सुर्खियां बटोरी. वो शो में वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट के रूप में शामिल हुई थी. शो में वो अपने बेबाक अंदाज के लिए चर्चा में रहीं. फैंस ने उन्हें खूब पसंद किया.

### धुरंधर 2 की नाक के नीचे फिल्म यूथ लूट लिया बॉक्स ऑफिस, 13 दिनों में 562 प्रतिशत कमा डाला मुनाफा

बॉलीवुड से लेकर साउथ तक के बॉक्स ऑफिस पर इन दिनों रणवीर सिंह की सीक्वल धुरंधर 2 का डंका बज रहा है. इस फिल्म ने रिलीज के महज 13 दिनों में होश उड़ा देने वाली कमाई कर डाली है. लेकिन इस ब्लॉकबस्टर फिल्म के आगे भी एक कम बजट की मूवी ने चुपचाप मोटी कमाई कर डाली है और इतना प्रॉफिट कमा लिया है कि हर कोई हैरान रह गया है. जानते हैं ये कौन सी फिल्म है?

धुरंधर 2 के आगे धमाकेदार कमाई कर डालने वाली ये तमिल भाषा की फिल्म यूथ है. दिलचस्प बात ये है कि दोनों ही फिल्में 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. धुरंधर 2 से क्लैश के बावजूद यूथ को दर्शको से खूब प्यार मिला और इसने तगड़ा कलेक्शन कर डाला. इसमें केन करुणास, अनिश्मा अनिलकुमार, देवदर्शिनी सहित कई कलाकारों ने अहम रोल प्ले किया है.

इस फिल्म का भारतीय बॉक्स ऑफ़िस पर पहला हफ़्ता काफ़ी सफ़ल रहा, और दूसरे हफ़्ते में भी इसकी रफ़्तार बनी हुई है. दूसरे वीकेंड में ज़बरदस्त प्रदर्शन के बाद, इस तमिल रोमांटिक कॉमेडी फ़िल्म ने तीसरे मंगलवार, यानी 13वें दिन 1.56 करोड़ रुपये कमाए थे. सैकनिल्क के मुताबिक कुल मिलाकर इसने भारतीय बॉक्स ऑफ़िस पर 13 दिनों में 39.73 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया है. जीएसटी को एडजस्ट करने के बाद, यह 45.60करोड़ रुपये के ग्रॉस कलेक्शन के बराबर है.

# सिंगापुर की गलियों में बसा मौनी रॉय का दिल, बोलीं- शूटिंग करने आई थीं, लेकिन शहर के आकर्षण में खो गई



फिल्म और म्यूजिक की दुनिया में अक्सर शूटिंग लोकेशन्स कलाकारों के लिए बेहद खास होती हैं। ऐसा ही कुछ अनुभव अभिनेत्री मौनी रॉय ने किया, जब उन्होंने सिंगापुर में अपने नए म्यूजिक वीडियो सॉसी की शूटिंग की। इस गाने में उन्होंने पंजाबी सिंगर-रैपर रियार साब और मशहूर रैपर डिवाइन के साथ काम किया है। मौनी रॉय ने अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया कि सिंगापुर पहले से ही उनकी ट्रैवल लिस्ट में था, लेकिन इस बार वहां जाना उनके लिए बेहद खास बन गया। उन्होंने कहा, इस खूबसूरत देश को पहली बार एक्सपीरियंस करना और उसी दौरान शूटिंग करना मेरे लिए एक अनोखा अनुभव था। मुझे वहां का खाना, फैशन और माहौल बेहद अच्छा लगा। मैं खुद को उस माहौल में पूरी तरह घुली हुई महसूस कर रही थी। मौनी ने कहा, शूटिंग के दौरान मैं शहर के अलग-अलग हिस्सों में गई और हर जगह का अलग ही अनुभव था। कभी शहर बहुत तेज रफ्तार और हलचल भरा लगता था, तो कभी शांत और सुकून देने वाला। धीरे-धीरे मुझे इस शहर से एक खास जुड़ाव महसूस होने लगा। मैं यहां काम करने आई थी, लेकिन इस शहर के आकर्षण में कहीं खो सी गई। मैं दोबारा जरूर सिंगापुर आना चाहूंगी।

गाना सॉसी गली गैंग एंटरटेनमेंट के बैनर तले तैयार किया गया है और यह डिवाइन के पांचवें स्टूडियो एल्बम वॉकिंग ऑन वॉटर का हिस्सा है।

डिवाइन ने इस गाने को लेकर कहा कि वह एक ऐसा ट्रैक बनाना चाहते थे जिसे लोग आसानी से सुन सकें और अच्छा महसूस करें। यह गाना एक अलग तरह की वाइब देता है, जिसमें म्यूजिक और एनर्जी दोनों है।

उन्होंने कहा, रियार साब के साथ मेरी केमिस्ट्री हमेशा अच्छी रही है और मौनी रॉय के साथ काम करने से यह प्रोजेक्ट और भी खास बन गया। जब शूटिंग के लिए लोकेशन तय की जा रही थी, तो सिंगापुर सबसे सही जगह लगा। मुझे इस शहर की तेज रफ्तार अंदाज काफी पसंद आया।

वहीं, रियार साब ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, डिवाइन के साथ काम करना हमेशा आसान और मजेदार होता है। सॉसी ऐसा गाना है जिसमें शुरुआत से ही सही एनर्जी थी। सिंगापुर में शूटिंग करना एक अलग और खास अनुभव था। हमने इस गाने में अपना पंजाबी अंदाज जोड़ने की कोशिश की है, ताकि लोग इसे सुनकर एंजॉय कर सकें।

# रितेश देशमुख की राजा शिवाजी का पोस्टर जारी, छत्रपति शिवाजी महाराज के रूप में लगे दमदार




अपनी पहली निर्देशित फिल्म वेद की सफलता के बाद, रितेश देशमुख अपनी दूसरी निर्देशित फिल्म राजा शिवाजी की तैयारी में जुटे हैं। ये छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित एक ऐतिहासिक महाकाव्य है।जियो स्टूडियोज और मुंबई फिल्म कंपनी ने 'राजा शिवाजी' का पहला दमदार पोस्टर जारी किया है। फिल्म के निर्देशक और मुख्य अभिनेता रितेश विलासराव देशमुख ने सोशल मीडिया पर यह पोस्टर शेयर किया, जिसमें वह छत्रपति शिवाजी महाराज के रूप में नजर आ रहे हैं। पोस्टर में महाराज का प्रभावशाली साइड प्रोफाइल दिखाई दे रहा है। हाथ में तलवार, मजबूत कंधे और अडिग नजरें। उनका गंभीर और दृढ़ चेहरा उस तूफान से पहले की शांति को दर्शाता है, जो स्वराज्य की स्थापना और राष्ट्र के गौरव की शुरुआत बना।'राजा शिवाजी' एक भव्य पैन-इंडिया सिनेमाई प्रस्तुति है, जिसे वैश्विक मंच पर भारतीय संस्कृति के गौरव के रूप में पेश किया जा रहा है। यह एक महत्वाकांक्षी द्विभाषी (मराठी और हिंदी) एक्शन-ड्रामा फिल्म है, जिसमें संगीत दिया है प्रसिद्ध जोड़ी अजयङ्कअतुल ने और सिनेमैटोग्राफी संभाली है अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित संतोष सिवन ने। यह फिल्म अपने विशाल पैमाने और शानदार दृश्यात्मक अनुभव के लिए तैयार है। यह फिल्म न केवल एक राजा की कहानी है, बल्कि एक ऐसे बेटे की यात्रा है जिसने एक संकल्प लिया और बड़ी शक्तियों के खिलाफ खड़े होकर स्वराज्य का मार्ग प्रशस्त किया। यह उस महान योद्धा की गाथा है जिसने झुकने के बजाय संघर्ष चुना और भारत के स्वाभिमान की नींव रखी।

## मुंह में सिगार और हाथ में तलवार, स्पिरिट से सामने आया विवेक ओबेरॉय का लुक, नए पोस्टर के जरिए मेकर्स ने ऐश्वर्या देसाई को भी किया इंट्रोड्यूस

फिल्म के इस पोस्ट को शेयर करते हुए विवेक ओबेरॉय ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा, 'एक रहस्य जो परछाइयों में दबा है और ऐसी आंखें जो सबसे गहरे राज याद रखती हैं।' बता दें इस फिल्म में विवेक विलेन के रोल में नजर आएंगे। विवेक के अलावा मेकर्स ने एक नई एक्ट्रेस को भी इसी पोस्टर से इंट्रोड्यूस किया है। इस एक्ट्रेस का नाम है ऐश्वर्या देसाई, जो इस फिल्म में अहम किरदार निभाती नजर आएंगी। संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित इस फिल्म में प्रभास के अपोजिट तृप्ति डिमरी नजर आएंगी। फिल्म अगले साल 5 मार्च को रिलीज होगी।फिल्म 'स्पिरिट' का जो पोस्टर साझा किया गया है, उसमें उनका लुक काफी हटकर है। वह नेगेटिव रोल की पूरी वाइब दे रहे हैं। वहीं ऐश्वर्या देसाई भी विवेक का साथ देती हुई फिल्म में नजर आएंगी। दोनों के किरदारों को देखकर लगता है कि फिल्म 'स्पिरिट' की कहानी दिलचस्प होने वाली है। संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित फिल्म 'स्पिरिट' में प्रभास लीड रोल में नजर आएंगे, उनके अपोजिट तृप्ति डिमरी होंगी। फिल्म में प्रकाश राज भी एक अहम किरदार में नजर आएंगे। यह फिल्म पैन इंडिया रिलीज होगी, इसे 8 भाषाओं में मेकर्स रिलीज करेंगे। फिल्म को टी सीरीज फिल्म्स और भद्रकाली पिक्चर्स प्रोड्यूस कर रहे हैं।

# थाई किझावी की ओटीटी रिलीज़ डेट हुई कंफर्म, 10 अप्रैल को जियो हॉट स्टार पर होगा




बिना किसी बड़े मेल स्टार के बनी इस छोटी सी तमिल फ़िल्म ने, पिछले महीने रिलीज़ होते ही बॉक्स ऑफ़िस पर धमाल मचा दिया था. यहां तक कि इसने कई बड़ी फिल्मों के आगे भी खूब कमाई की. दरअसल हम बात कर रहे हैं थाई किझावी की. इस फिल्म में राधिका सरथकुमार ने मुख्य भूमिका निभाई है, जिसमें वे एक बेरहम, बुज़ुर्ग साहूकार के किरदार में नज़र आती हैं. रिलीज़ के बाद फ़िल्म को ज़बरदस्त रिव्यू मिले थे और इसी के साथ इस फ़िल्म ने दुनिया भर में 150 करोड़ का आँकड़ा पार कर लिया था. वहीं फैंस इस फिल्म की ओटीटी रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. फाइनली मेकर्स ने इसकी ओटीटी रिलीज की तारीख कंफर्म कर दी है. जानते हैं इसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर कब और कहां देख सकते हैं?थाई किझावी का प्रीमियर 10 अप्रैल को ओटीटी के प्लेटफॉर्म जियो हॉट स्टार पर होगा. जियो हॉट स्टार तमिल के आधिकारिक अकाउंट ने फिल्म की रिलीज की अनाउंसमेंट एक पोस्ट के जरिए की है. जिसे शिवकार्तिकेयन प्रोडक्शंस द्वारा दोबारा पोस्ट किया गया है.बता दें कि थाई किझावी 9 करोड़ के बजट में बनी थी.इस लागत के मुकाबले, इसने 60.28 करोड़ की नेट कमाई की है, जिससे इसे 51.28 करोड़ का इनवेस्टमेंट पर प्रॉफिट मिला हैय इसके साथ ही, यह 2026 की पहली ऐसी तमिल फ़िल्म बन गई है जिसने भारतीय बॉक्स ऑफ़िस पर यह उपलब्धि हासिल की है. आगे कैलकुलेशन करने पर, यह 569.77व के रिटर्न के बराबर है

### जन नायकन का खत्म होगा इंतजार? फिल्म की रिलीज पर आया ये बड़ा अपडेट

थलापति विजय की फिल्म जन नायकन को लंबे समय से रुकावटों का सामना करना पड़ा रहा है। 9 जनवरी को पोंगल के मौके पर इसे रिलीज किया जाना था, लेकिन सेंसर प्रक्रिया में उलझने के कारण ऐसा नहीं हुआ। मामले ने इस कदर तूल पकड़ा कि निर्माताओं को मद्रास हाई कोर्ट का रुख करना पड़ा। लंबे समय से जन नायकन पर चल रही खींचातानी शायद खत्म होने को है। इसकी रिलीज पर ताजा अपडेट आया है।सीबीएफसी द्वारा जन नायकन में कुछ आपत्तियां जताने के बाद इसे दोबारा रिव्यू के लिए समीक्षा समिति को भेजा गया था।फिल्मीबीट की एक रिपोर्ट के हवाले से बताया है कि फिल्म से जुड़े मुद्दे सुलझ गए हैं। यह अप्रैल के आखिरी हफ्ते में रिलीज सकती है।

# स्वस्थ आंखों के लिए रात को अपनाएं ये 5 तरीके, लाभ होगा

आंखें हमारे चेहरे की सुंदरता को बढ़ाने में खास भूमिका निभाती हैं। हालांकि, रोजमर्रा की भागदौड़ और सही देखभाल न करने के कारण आंखों के आसपास की त्वचा थकी हुई और डल दिख सकती है। ऐसे में अगर आप अपनी आंखों की देखभाल के लिए एक अच्छी रात की स्किन केयर रूटीन अपनाते हैं तो इससे आपकी आंखें तरोताजा और खूबसूरत दिख सकती हैं। आइए आज हम आपको इसके लिए पांच आसान तरीके बताते हैं।

## मेकअप हटाना न भूलें

सोने से पहले आंखों का मेकअप साफ करना बहुत जरूरी है। अगर आप ऐसा नहीं करती हैं तो इससे आपकी आंखों की त्वचा रूखी और डल दिख सकती है। इसके लिए एक अच्छी क्वालिटी वाला मेकअप रिमूवर या नारियल के तेल का इस्तेमाल करें। यह न केवल मेकअप हटाता है, बल्कि आंखों की कोमल त्वचा को पोषण भी देता है। मेकअप हटाने के बाद हल्के हाथों से मालिश करें ताकि रक्त संचार बेहतर हो सके।

## आंखों की सफाई करें

आंखों की सफाई करना भी जरूरी है। इसके लिए गुनगुने पानी में थोड़ा सा गुलाब जल मिलाकर उसमें रुई भिगोकर आंखों पर रखें। इससे आंखें तरोताजा महसूस होंगी। इसके अलावा यह तरीका आंखों की सूजन को कम करने में भी मदद कर सकता है। नियमित रूप से इस प्रक्रिया को अपनाने से आपकी आंखों की त्वचा स्वस्थ और चमकदार बनी रहती है। इससे आंखों की थकान भी दूर होती है और वे तरोताजा दिखती हैं।

## ठंडी चायपत्ती या खीरे के टुकड़े लगाएं

ठंडे चायपत्ती या खीरे के टुकड़े आंखों पर रखने से सूजन और काले घेरे कम होते हैं। इसके लिए पहले चायपत्ती को उबालकर ठंडा कर लें, फिर उसे छोटे कपड़े में बांधकर फ्रिज में रख दें। सोने से पहले ठंडी चायपत्ती को आंखों पर रखें और 10-15 मिनट तक छोड़ दें। खीरे के टुकड़े भी इसी तरह असरदार होते हैं। इन तरीकों को अपनाने से आपकी आंखें तरोताजा और युवा दिखेंगी।

## अच्छी नींद लें

अच्छी नींद लेना बहुत जरूरी है। रोजाना 7-8 घंटे की नींद लें ताकि आपकी आंखें पूरी तरह आराम कर सकें। नींद पूरी न होने पर आंखें थकी हुई और डल दिखती हैं, जिससे आपकी



सुंदरता प्रभावित होती है। अच्छी नींद लेने से न केवल आपकी आंखें तरोताजा दिखेंगी बल्कि आपकी त्वचा भी निखरेगी। इसके अलावा यह आपकी मानसिक स्थिति को भी बेहतर बनाएगा और आप ज्यादा ऊर्जा महसूस करेंगे।

## नियमित व्यायाम करें

नियमित व्यायाम करने से न केवल आपका शरीर स्वस्थ रहता है बल्कि आपकी आंखें भी तरोताजा महसूस होती हैं। रोजाना थोड़ी देर टहलें या योग करें ताकि रक्त संचार बेहतर हो सके। इन सभी तरीकों को अपनाकर आप अपनी आंखों की देखभाल कर सकते हैं और उन्हें स्वस्थ बनाए रख सकते हैं। इन आसान तरीकों से आपकी आंखें तरोताजा, युवा और खूबसूरत दिखेंगी।

# खीरा खाने का सही समय क्या है? इस वक्त खाने से मिलते हैं सबसे ज्यादा फायदे



गर्मियों में खीरा का सेवन सेहत के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है। डॉक्टर्स भी इसे अपनी डाइट में शामिल करने की सलाह देते हैं। लेकिन किसी भी चीज का फायदा तभी मिलता है जब उसका सेवन सही समय पर किया जाए। आपने देखा होगा कि कई लोग किसी भी समय खीरे का सेवन कर लेते हैं। लेकिन बेटाइम खाने से ये फायदे की जगह आपको नुकसान पहुंचा सकता है। ऐसे में ये सवाल उठता है कि खीरा खाने का सही समय क्या है। किस वक्त खाने से सबसे ज्यादा फायदे मिलते हैं। चलिए जानते हैं।

## खीरा खाने का सबसे सही समय

सुबह का समय

सुबह खाली पेट या नाश्ते के साथ खीरा खाना सबसे ज्यादा लाभकारी माना जाता है। यह पाचन तंत्र को सक्रिय करता है, शरीर को हाइड्रेटेड रखता है और मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करता है।

### दोपहर का समय

लंच से पहले या साथ में खीरा खाना भी बेहतर होता है। यह शरीर को फ्रेशनेस देता है और वजन कंट्रोल करने में मदद करता है।

### भोजन से पहले

यदि आप वजन कम करना चाहते हैं, तो भोजन से आधा घंटा पहले खीरा खाना सबसे अच्छा है। इसमें मौजूद फाइबर और पानी से पेट जल्दी भर जाता है, जिससे आप मुख्य भोजन कम मात्रा में खाते हैं।

### रात में खीरा खाने से क्यों बचें?

अक्सर हेल्थ एक्सपर्ट्स रात के समय खीरा खाने से बचने की सलाह देते हैं। इसके मुख्य कारण हैं

पाचन में समस्या: खीरे में पानी की मात्रा बहुत अधिक होती है और इसकी तासीर ठंडी होती है, जिससे रात में इसे पचाना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। यह पेट में भारीपन, गैस या अपच का कारण बन सकता है।

नींद में दिक्कत: खीरा खाने से बार-बार पेशाब आने की समस्या हो सकती है, जो आपकी रात की नींद को खराब कर सकती है।

कफ दोष: आयुर्वेद के मुताबिक, जिन लोगों को सर्दी-खांसी या कफ की समस्या रहती है, उन्हें रात में खीरा खाने से बचना चाहिए क्योंकि यह समस्या को बढ़ा सकता है।

### खीरा खाने के फायदे

पानी की कमी को करे दूर

खीरे में लगभग 90 फीसदी पानी होता है, जो बॉडी को हाइड्रेट रखने में मदद करता है। अगर आप डिहाइड्रेशन की समस्या से बचना चाहते हैं तो खीरे को अपनी डाइट में जरूर शामिल करें।

## वजन घटाने में सहायक

खीरा में कैलोरी की मात्रा काफी कम होती है, ये भूख को कम करके वजन को नियंत्रित करने का काम करता है।

अगर आप अपने बढ़े हुए वजन से परेशान हैं तो इसे अपनी डाइट में जरूर शामिल करें।

# राष्ट्र के नाम संबोधन में ट्रंप का ऐलान, अमेरिका ने ईरान में जीत हासिल की, ऑपरेशन एपिक फ्यूरी जारी रहेगा



वाशिंगटन (ए.)। ईरान पर अमेरिका-इजराइल के संयुक्त हमले से शुरू हुई लड़ाई बृहस्पतिवार को 34वें दिन में पहुंच गई. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आज ईरान युद्ध को लेकर राष्ट्र को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि अमेरिका ने अपने अधिकांश लक्ष्यों को पूरा कर लिया जो थोड़े बहुत बचे हैं उसे पूरा करना है. उन्होंने कहा कि अमेरिका ने ईरान में बड़ी जीत हासिल की है. उन्होंने इसके लिए पहले और दूसरे समेत अन्य युद्धों का भी हवाला देते हुए कहा कि सबसे कम समय में उनके नेतृत्व में यह जीत हासित हुई है. इसके साथ ही उन्होंने ईरान को यह भी धमकी दी कि अगर कोई डील नहीं हुई तो वे अगले 2-3 हफ्तों में उन पर बहुत जोरदार हमला करने वाले हैं. चेतावनी देते हुए कहा, हम अगले 2-3 हफ्तों में उन पर बहुत जोरदार हमला करने वाले हैं. हम उन्हें स्टोन एज में वापस ले जाएँगे, जहाँ से वे हैं. ट्रंप ने कहा कि युद्ध खत्म हो जाएगा तो स्ट्रेट अपने आप खुल जाएगा. फ्लो फिर से शुरू हो जाएगा और गैस की कीमतें तेजी से नीचे आ जाएंगी. स्टॉक की कीमतें तेजी से वापस ऊपर जाएंगी. उन्होंने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट के तेल शिपिंग चैनल को सुरक्षित करना दूसरे देशों पर होगा. दूसरे घटनाक्रमों में इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ईरान के खिलाफ जॉइंट कैंपेन ने मिडिल ईस्ट का चेहरा बदल दिया है और ईरानी प्रेसिडेंट मसूद पेजेशकियन ने कहा कि तेहरान के पास लड़ाई खत्म करने की जरूरी इच्छाशक्ति है, बशर्ते उसके दुश्मन यह गारंटी दें कि यह फिर से नहीं भड़केगी. लेबनान में हेल्थ मिनिस्ट्री ने बुधवार को कहा कि साउथ बेरूत और पास के इलाके में इजराइली हमलों में सात लोग मारे गए और इजराइली सेना ने कहा कि उसने एक सीनियर हिज़्बुल्लाह कमांडर पर हमला किया है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि उन्हें पक्का नहीं पता है कि अमेरिका के लोगों में ईरान के साथ चल रहे युद्ध को जारी रखने का धैर्य है या नहीं. अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस में ईस्टर से संबंधित दोपहर के भोजन के दौरान उनकी निजी टिप्पणियां इस बात का संकेत देती हैं कि राष्ट्रपति पर युद्ध को समाप्त करने के लिए घरेलू दबाव बढ़ रहा है।

## अमेरिका के कैलिफोर्निया में 5 तीव्रता का भूकंप आया, लोगों को लगे झटके

कैलिफोर्निया,(ए.)।अमेरिका में कैलिफोर्निया राज्य के सांता क्रूज काउंटी में गुरुवार को भूकंप के जोरदार झटके लगे हैं। इसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.0 मापी गई है। संयुक्त राज्य भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक, भूकंप गुरुवार तड़के आया है, जिसका केंद्र मात्र 9 किलोमीटर की उथली गहराई पर था। बता दें कि गहरे भूकंपों की तुलना में उथले भूकंप अधिक तेजी से महसूस किए जाते हैं, क्योंकि वे सतह के काफी करीब होते हैं। अभी तक भूकंप से किसी नुकसान की खबर नहीं आई है, लेकिन उथला केंद्र होने की वजह से हल्के से मध्यम नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

## चीन ने बनाया आसमान में उड़ने वाला 'ट्रक'; उठा सकेगा 3.5 मीट्रिक टन वजन



नई दिल्ली(ए.)। चीन ने मानव रहित मालवाहक तकनीक के क्षेत्र में एक बड़ा कदम उठाते हुए अपने नए भारी-भरकम कार्गो ड्रोन 'चांगयिंग-8' का सफल परीक्षण किया है। यह ड्रोन एक बार में 3.5 मीट्रिक टन तक सामान ढोने में सक्षम है और इसे दुनिया के सबसे बड़े कार्गो ड्रोन में से एक बताया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस ड्रोन ने हेनान प्रांत के झेंग्झौ शांगकियाओ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरी। परीक्षण के दौरान यह करीब 30 मिनट तक हवा में रहा और सुरक्षित लैंडिंग की। उड़ान के दौरान इसके इंटेलिजेंट फ्लाइट कंट्रोल सिस्टम, एवियोनिक्स, इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल सिस्टम समेत सभी प्रमुख तकनीकी पहलुओं की सफलतापूर्वक जांच की गई। 'चांगयिंग-8' को चीन की प्रमुख रक्षा कंपनी China North Industries Group Corporation Limited (नोरिन्को) ने विकसित किया है। 'चांगयिंग' का अर्थ 'विशाल बाज' होता है, जो इसकी ताकत और क्षमता को दर्शाता है। इस ड्रोन की लंबाई करीब 17 मीटर और पंखों का फैलाव 25 मीटर है, जबकि इसकी अधिकतम उड़ान सीमा लगभग 3,000 किलोमीटर बताई गई है।इस ड्रोन की एक खासियत यह भी है कि इसे उड़ान भरने और उतरने के लिए 500 मीटर से भी कम रनवे की जरूरत होती है। मजबूत लैंडिंग गियर के कारण यह कच्चे या असमतल रनवे पर भी आसानी से ऑपरेट कर सकता है। यही वजह है कि इसे दुर्गम इलाकों, जैसे पठारों और द्वीपों में भी उपयोगी माना जा रहा है।

## ईरान में युद्धविराम कर सकता है अमेरिका, बदले में होर्मुज जलडमरूमध्य खोलेगा तेहरान

वाशिंगटन (ए.)। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अमेरिका और ईरान एक संभावित समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। इसके तहत अमेरिका ईरान में हमले नहीं करेगा और बदले में ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को दोबारा खोल देगा।

सूत्रों ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फोन पर सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ संभावित युद्धविराम को लेकर चर्चा की है।

ट्रंप ने सोशल मीडिया पर दावा किया कि ईरान के राष्ट्रपति युद्धविराम चाहते हैं, लेकिन ऐसा तब तक नहीं होगी, तब तक होर्मुज जलडमरूमध्य नहीं खुल जाता। उन्होंने लिखा, हम तभी विचार करेंगे जब होर्मुज जलडमरूमध्य खुला, स्वतंत्र और साफ होगा। तब तक, हम ईरान को पूरी तरह से तबाह कर देंगे, या जैसा कि लोग कहते हैं, उसे पाषाण युग में वापस भेज देंगे!!! हालांकि, ईरान के विदेश मंत्रालय ने ट्रंप के दावे को झूठा और बेबुनियाद बताया है।

रिपोर्ट में मामले से परिचित एक सूत्र के हवाले से कहा गया है कि अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भी मध्यस्थों से बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने संदेश दिया कि ट्रंप अब और इंतजार नहीं कर सकते और अगर ईरान कोई समझौता नहीं करता है, तो उसके बुनियादी ढांचे पर दबाव बढ़ता जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप ने वेंस को निर्देश दिया कि वे यह संदेश पहुंचाएं कि अगर कुछ निश्चित मांगें पूरी हो जाती हैं, तो युद्धविराम हो सकता है।

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिका और ईरान के बीच भरोसे का स्तर शून्य है। उन्होंने कहा, तेहरान को अमेरिका के कामों में कोई ईमानदारी नजर नहीं आती और अमेरिकी सरकार के साथ बातचीत का अनुभव कभी भी अच्छा नहीं रहा है। आप ईरान की जनता से धमकियों और समय-सीमा की भाषा में बात नहीं कर सकते। हम अपनी रक्षा के लिए कोई समय-सीमा तय नहीं करते।

## नासा ने आर्टेमिस द्वितीय मिशन किया लॉन्च, 50 साल बाद चांद के करीब पहुंचेंगे इंसान



वाशिंगटन (ए.)। अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने इंसानों को चांद के करीब ले जाने वाला अपना आर्टेमिस द्वितीय मिशन लॉन्च कर दिया है। भारतीय समयानुसार इस मिशन को सुबह 03:54 बजे फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से स्पेस लॉन्च सिस्टम रॉकेट के जरिए उड़ान दी गई। यह मिशन करीब 50 साल बाद चांद की ओर भेजा गया पहला मानव मिशन है, जिस पर पूरी दुनिया की नजर बनी हुई है और लोग इसे ऐतिहासिक मान रहे हैं।

आर्टेमिस द्वितीय करीब 10 दिन का अंतरिक्ष मिशन है, जिसमें चार अंतरिक्ष यात्री चांद की सतह पर उतरेंगे नहीं बल्कि उसकी परिक्रमा करके वापस लौटेंगे। यह मिशन अपोलो कार्यक्रम के बाद पहला ऐसा मिशन है जिसमें इंसान चांद के पास जाएंगे। इस दौरान अंतरिक्ष यान चांद के पीछे से गुजरते हुए एक खास रास्ते पर जाएगा और कई जरूरी तकनीकी सिस्टम का परीक्षण किया जाएगा, जिससे भविष्य के मिशनों के लिए अहम डेटा और अनुभव भी इकट्ठा किया जा सकेगा।

इस मिशन में चार अंतरिक्ष यात्री (रीड वाइसमैन, विक्टर ग्लोवर, क्रिस्टीना कोच और जेरेमी हैनसेन) शामिल हैं। यह क्रू कई मायनों में खास है, क्योंकि इसमें अलग-अलग पृष्ठभूमि के लोग शामिल हैं। क्रिस्टीना कोच चांद की ओर जाने वाली पहली महिला अंतरिक्ष यात्री होंगी, विक्टर ग्लोवर पहले अश्वेत अंतरिक्ष यात्री होंगे, जबकि जेरेमी हैनसेन कनाडा का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। यह मिशन अंतरिक्ष क्षेत्र में बढ़ती विविधता, समान अवसर और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की मजबूत मिसाल पेश करता है।

इस मिशन का मुख्य उद्देश्य अंतरिक्ष में नई तकनीकों और सिस्टम की जांच करना है। लॉन्च के बाद पहले दो दिन पृथ्वी की कक्षा में रहकर सभी सिस्टम जैसे लाइफ सपोर्ट, नेविगेशन और कम्युनिकेशन की जांच की जाएगी। इसके बाद अंतरिक्ष यान चांद की ओर बढ़ेगा और वहां के पास से गुजरते हुए जरूरी परीक्षण करेगा, जिससे भविष्य के लंबे अंतरिक्ष मिशनों के लिए जरूरी तकनीकी सुधार और सुरक्षा उपायों को और बेहतर बनाया जा सकेगा।

अंतरिक्ष यात्री इस मिशन के दौरान लगातार स्पेसक्राफ्ट के सिस्टम पर नजर रखेंगे और हर चरण में उसकी जांच करेंगे। तीसरे और चौथे दिन वे चांद की ओर बढ़ते समय नेविगेशन और कम्युनिकेशन सिस्टम की निगरानी करेंगे। इस दौरान वे पृथ्वी से काफी दूर तक जाएंगे और अंतरिक्ष में काम करने का नया अनुभव हासिल करेंगे, जिससे आगे के मिशन और ज्यादा सुरक्षित और सफल बनाए जा सकेंगे।

आर्टेमिस द्वितीय मिशन को भविष्य के चंद्र अभियानों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इससे मिलने वाला डेटा और अनुभव आगे आने वाले मिशनों के लिए बहुत काम आएगा। यह मिशन खासतौर पर आर्टेमिस तृतीय के लिए रास्ता तैयार करेगा, जिसमें इंसानों को चांद की सतह पर उतारने की योजना है। इसके जरिए अंतरिक्ष में नई तकनीकों को बेहतर बनाने और लंबी दूरी के मिशनों को आसान बनाने की दिशा में काम किया जाएगा।

## इंडोनेशिया में आया 7.8 तीव्रता का भूकंप, एक की मौत, सुनामी की चेतावनी

जकार्ता,(ए.)। पूर्वी इंडोनेशिया में गुरुवार सुबह 7.4 तीव्रता का एक शक्तिशाली भूकंप आया. अधिकारियों ने बताया कि भूकंप के चलते कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और नॉर्थ सुलावेसी प्रांत में कई इमारतों को नुकसान पहुंचा. इसके बाद एक अमेरिका के मॉनिटरिंग एजेंसी ने भूकंप के सेंटर के 1,000 किलोमीटर के दायरे में खतरनाक की सुनामी लहरों की आशंका के बारे में चेतावनी दी. हालांकि बाद में इस चेतावनी को वापस ले लिया गया।

लोकल डिजास्टर मिटिगेशन एजेंसियों और इंडोनेशिया की सर्च एंड रेस्क्यू एजेंसी ने अभी तक ऑफिशियल असेसमेंट जारी नहीं किए हैं, लेकिन अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे ने कहा कि यह झटका सुबह-सुबह सुलावेसी और मालुकु आइलैंड ग्रुप के बीच मोलुक्का सागर में 35 किलोमीटर की कम गहराई पर आया।

अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार यह झटका जिसकी शुरुआत में तीव्रता 7.8 रिकॉर्ड किया गया था, लोकल टाइम के हिसाब से सुबह लगभग 6ः48 बजे मोलुक्का सागर में आया. एक लोकल सर्च एंड रेस्क्यू अधिकारी के अनुसार नॉर्थ सुलावेसी प्रांत के मानाडो शहर में एक इमारत गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

# खेल समाचार

## दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज रासी वान डर डुसेन ने लिया अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास

नईदिल्ली,(ए.),। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के बल्लेबाज रासी वान डर डुसेन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का ऐलान किया है। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी ने सोशल मीडिया पर बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने प्रोटियाज टीम के साथ अपने सफर को याद करते हुए सभी का धन्यवाद किया। डुसेन ने साफ किया कि वह अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलेंगे, लेकिन घरेलू क्रिकेट में खेलना जारी रखेंगे।

डुसेन ने 29 साल की उम्र में जिम्बाब्वे के खिलाफ टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच से डेब्यू किया था। घरेलू क्रिकेट और टी-20 लीग में लगातार अच्छे प्रदर्शन के चलते उन्हें राष्ट्रीय टीम में मौका मिला। इसके बाद उन्होंने 2019 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया। धीरे-धीरे उन्होंने सीमित ओवरों के क्रिकेट में अपनी जगह बनाई और टीम के मध्यक्रम का हिस्सा बने।

डुसेन ने अपने करियर में 18 टेस्ट मैच खेले, जिसमें उन्होंने 905 रन बनाए और 6 अर्धशतक लगाए। वनडे में उन्होंने 71 मैचों में 2,657 रन बनाए, जिसमें 6 शतक और 17 अर्धशतक शामिल हैं। वनडे में उनका औसत 50 से अधिक रहा। टी-20 अंतरराष्ट्रीय में उनके नाम 57 मैचों में 33.47 की औसत के साथ 1,406 रन दर्ज हैं, जिसमें 10 अर्धशतक शामिल हैं। इस प्रारूप में उनका सर्वोच्च स्कोर 94* रन रहा।

संन्यास की घोषणा करते हुए डुसेन ने कहा कि देश के लिए खेलना उनके जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा। उन्होंने क्रिकेट साउथ अफ्रीका, कोचों और अपने साथियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने अपनी पत्नी और फैंस का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मैदान पर बिताए गए अनुभव और यादें हमेशा उनके साथ रहेंगी और वह इस सफर को खास मानते हैं।

डुसेन ने बताया कि वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद भी घरेलू क्रिकेट खेलना जारी रखेंगे। इसके साथ ही वह युवा खिलाड़ियों को मार्गदर्शन देने और अपने अनुभव साझा करने पर ध्यान देंगे। उन्होंने कहा कि वह क्रिकेट से जुड़े रहकर खेल में योगदान देना चाहते हैं और नई पीढ़ी को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका निभाएंगे। वह घरेलू क्रिकेट में लायंस टीम का प्रतिनिधित्व करते हैं और हाल ही में लिस्ट-ए मैच में खेलते हुए दिखे थे।

## क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने ग्लेन मैक्सवेल को अनुबंध सूची से किया बाहर, जानिए क्या रहा कारण

नईदिल्ली,(ए.)। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने अनुभवी ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल को 2026-27 सीजन के लिए केंद्रीय अनुबंध सूची से बाहर कर दिया गया है। इस फैसले से 37 वर्षीय मैक्सवेल के अंतरराष्ट्रीय करियर पर सवाल उठ रहे हैं। सीए ने टेस्ट में नियमित रूप से खेलने वाले 21 खिलाड़ियों की सूची जारी की है, जिसमें मैक्सवेल का नाम शामिल नहीं है। मैक्सवेल ने आखिरी टेस्ट मैच 2017 में खेला था और तब से वह टेस्ट क्रिकेट की योजनाओं का हिस्सा नहीं हैं।

मैक्सवेल को अनुबंध सूची से ऐसे समय में बाहर किया गया है जब सीए बांग्लादेश, न्यूजीलैंड, भारत और इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के साथ व्यस्त क्रिकेट सीजन की तैयारी कर रहा है। यह चयन अगले 12 महीनों में टीम की प्राथमिकताओं को दर्शाता है। मैक्सवेल वनडे से संन्यास के बाद टी-20 क्रिकेट के लिए उपलब्ध हैं। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया के टी-20 विश्व कप 2026 में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद टी-20 में भी उनकी स्थिति सुरक्षित नहीं है। मैक्सवेल का करियर मैदान के बाहर अप्रत्याशित चोटों और सीए के साथ अनुशासन संबंधी समस्याओं से प्रभावित रहा है। उन्हें केंद्रीय अनुबंध सूची से बाहर करने का हालिया निर्णय इस ऑलराउंडर के लिए उथल-पुथल भरे कुछ वर्षों का अंत हो सकता है।

# आईपीएल में आज होगा सीएसके और पंजाब में मुकाबला

चेन्नई (ए.)। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम शुक्रवार को आईपीएल के अपने इस सत्र के दूसरे मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ उतरेगी। सीएसके की टीम को इस सत्र में अपने पहले ही मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में उसका लक्ष्य इस मैच को जीतकर लय हासिल करना रहेगा। उसे इस मैच में घरेलू मैदान का भी लाभ मिलने की उम्मीद है। टीम के अनुभवी खिलाड़ी और पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी के इस मैच में भी खेलने को लेकर संशय बना हुआ है हालांकि उन्होंने अभ्यास शुरु कर दिया है। सीएसके की पहले मैच में शुरुआत निराशाजनक रही थी। उसके बल्लेबाज रन नहीं बना पाये थे। ऐसे में कप्तान रुतुराज गायकवाड़ सहित सभी बल्लेबाजों को रन बनाने होंगे।

सीएसके का लक्ष्य पहले मैच में मिली हार से सबक लेते हुए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना रहेगा। इस मैच में बल्लेबाज संजू सैमसन भी बड़ी पारी खेलकर सीएसके प्रबंधन के सामने अपने को साबित करना चाहेंगे। सीएसके ने इस सत्र में ट्रेड डील के जरिये उन्हें राजस्थान रॉयल्स से खरीदा है पर वह अपने पहले मैच में प्रभावित नहीं कर पाये। इसलिए इस मैच में वह बड़ी पारी खेलकर हिसाब बराबर करना चाहेंगे। वहीं इस मैच में भी उभरते हुए बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस का खेलना संदिग्ध है। ब्रेविस मांसपेशियों के खिंचाव से उबर रहे हैं। पहले मैच में इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे सरफराज खान को भी इस मैच में अवसर मिल सकता है। युवा कार्तिक शर्मा से इस मैच में भी टीम को अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी।



वहीं पहले मैच में विफल रहे टीम के मुख्य गेंदबाज मैट हेनरी और नूर अहमद इस मैच में बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे।

दूसरी ओर श्रेयस अय्यर की कप्तानी में उतरी पंजाब किंग्स ने पहले ही मैच में गुजरात टाइटंस को हराया था जिससे उसके हौंसले बुलंद हैं। गुजरात के खिलाफ कूपर कॉनॉली ने तीसरे नंबर बेहतरीन बल्लेबाजी की थी जिससे भी टीम को लाभ हुआ था। अब कॉनॉली इस मैच में भी अधिक से अधिक रन बनाना चाहेंगे। पहले मैच में असफल रहे प्रभसिमरन सिंह, प्रियांश आर्य और शशांक सिंह जैसे बल्लेबाज भी इस मैच में बड़ी पारी खेलना चाहेंगे।टीम की गेंदबाजी भी मजबूत है उसके पास स्पिनर युजवेंद्र चहल के अलावा तेज गेंदबाजों के तौर लॉकी फर्ग्यूसन, अर्शदीप सिंह और हरप्रीत बराड़ जैसे तेज गेंदबाज हैं।दोनो ही टीमों के बीच अब तक आंकड़ों पर गौर करें तो अब तक इनके बीच 32 मैच हुए हैं जिसमें से 17 सीएसके जबकि 15 पंजाब ने जीते हैं

ऐसे में इस बार भी रोमांचक मुकाबले के आसार हैं।

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं =

पंजाब किंग्स = श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, हरनूर सिंह, मिचेल ओवेन, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, मार्को यानसन, मार्कस स्टोइनिस, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, लॉकी फर्ग्यूसन, हरप्रीत बराड़, विजयकुमार वैशाक, यश ठाकुर, कूपर कोनोली, बेन द्वारशुइस, मुशीर खान, प्रवीण दुबे, विशाल निशाद, सूर्यांश शेडगे, प्रभसिमरन सिंह, पाइला अविनाश, शशांक सिंह।

चेन्नई सुपर किंग्स = रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, एमएस धोनी, उर्विल पटेल, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रामकृष्ण घोष, श्रेयस गोपाल, जेमी ओवरटन, खलील अहमद, अंशुल कंबोज, गुरजापनीत सिंह, मुकेश चौधरी, नूर अहमद, अकील होसेन, प्रशांत वीर, मैथ्यू शॉर्ट, अमन खान, मैट हेनरी, राहुल चाहर, जकारी फॉल्क्स, स्पेंसर जॉनसन, कार्तिक शर्मा, सरफराज खान, आयुष म्हात्रे।

## वैभव को अभी शामिल करने की जल्दी न करें : अश्विन

चेन्नई (ए.)। उभरते हुए बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने जिस प्रकार आईपीएल के अपने पहले ही मैच में आक्रामक पारी खेली है। उसके बाद से ही कई दिग्गजों ने उसे राष्ट्रीय टीम में शामिल करने की मांग की है। वैभव ने पहले ही मैच में 15 गेंदों में अर्धशतक लगा दिया था। वहीं पिछले सत्र में वैभव ने 35 गेंद में शतक लगाकर अपनी पहचान बनायी थी। उसके बाद से ही वह नये नये रिकार्ड बनाते जा रहे है। इसके बाद भी अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि वैभव अभी बच्चा है और उसे इतनी जल्ही राष्ट्रीय टीम में लाने की कोई जरुरत नहीं है, इससे उसपर बेवजह दबाव ही पड़ेगा। अश्विन ने कहा कि वैभव को शामिल करने में जल्दबाजी की जरुरत नहीं है हालांकिवैभव को शामिल करने की मांग देश ही नहीं विदेश के दिग्गज पूर्व क्रिकेटरों की तरफ से भी आई है।

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन के अनुसार वैभव अब अगले चरण के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने कहा कि अगर उनके हाथ में होता तो वह सूर्यवंशी को इस साल इंग्लैंड का दौरा करने जाने वाली भारतीय टीम में जरूर रखते। भले ही उन्हें हर मैच नहीं खिलाते लेकिन टूर पर जरूर ले जाते। कुछ मैच खिलाते। इसी तरह महान लेग स्पिनर अनिल कुंबले और पूर्व सलामी बल्लेबाज नवजोत सिंह सिद्धू भी इस पक्ष में हैं कि अगर वैभव सूर्यवंशी इसी तरह का प्रदर्शन जारी रखते हैं तो उन्हें भारतीय टीम में लिया जाना चाहिये। वहीं अश्विन ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने से वैभव पर दबाव बनेगा, जिसकी अभी जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, 'उसे इस तरह का बोझ मत दीजिए। वह अभी बड़ा नहीं हुआ है। वह अभी बच्चा है। अगर एमएस धोनी 45 की उम्र तक खेल रहे हैं तो सूर्यवंशी अगर 40 तक भी खेले तो उसके पास अभी ढाई दशक का क्रिकेट बचा हुआ है।

## समीर-स्टब्स ने पलटा मैच, दिल्ली ने लखनऊ को 6 विकेट से दी मात



नईदिल्ली,(ए.)। समीर रिजवी के नाबाद 70 रन और ट्रिस्टन स्टब्स के नाबाद 39 रनों की बदौल दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 6 विकेट से मात दे दी. समीर को प्लेयर ऑफ दि मैच का अवॉर्ड दिया गया।

142 रनों का पीछा करने उतरी दिल्ली एक समय काफी मुश्किल में थी. उन्होंने 26 के स्कोर पर ही अपने 4 बड़े विकेट खे दिए थे. जिसमें केएल राहुल (0), निसांका (1), नितीश राणा (15) और अक्षर पटेल (0) का विकेट शामिल था. तब ये लग रहा था की यहां से दिल्ली का जीतना काफी मुश्किल है, लेकिन स्टब्स और समीर ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और पांचवें विकेट के लिए 76 गेंद में 119 रनों की साझेदारी करके दिल्ली को मैच जीता दिया. समीर ने 47 गेंद में 70 रनों की पारी खेली, जिसमें 5 चौके और 4 छक्के शामिल थे. जबकि स्टब्स ने 32 गेंद में 39 रनों की पारी खेली. उन्होंने अपनी पारी में 3 चौके और एक छक्का लगाया।

लखनऊ के गेंदबाजों ने शुरू में शानदार गेंदबाजी की, लेकिन वो 142 रनो का बचाव नहीं कर पाए. मोहम्मद शामी ने 4 ओवर में 28 रन देकर एक विकेट लिया. जबकि मोहसिन खान ने 4 ओवर में केवल 19 रन देकर 1 विकेट लेने में सफल हो पाए. वहीं प्रिंस यादव ने 3 ओवर में 20 रन देकर 2 विकेट लिए. लेकिन एनरिक नॉर्टजे महंगे साबित हुए और चार ओवर में बिना कोई विकेट लिए 39 रन खर्च कर दिए।

इससे पहले इंडियन प्रीमियर लीग 2026 का पांचवें मैच में दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया. लखनऊ सुपर जायंट्स को अपने होम ग्राउंड इकाना क्रिकेट स्टेडियम में पहले बल्लेबाजी का मौका मिला. लेकिन वो स्कोर बोर्ड पर बड़ा टारगेट नहीं सेट कर सके. आपनिंग करने आए ऋषभ पंत 7 बनाकर रन आउट हो गए. उसके बाद उनका विकेट गिरता रहा और 10वें ओवर में उन्होंने 71 के स्कोर पर अपना पांच विकेट खो दिया. टॉप ऑर्डर में मार्श ने 35 रन बनाए. उसके बाद अबदुल समद ने 36 रन बनाए. जबकि शहबाज अहमद 15 रन और मुकुल चौधरी ने 14 रनो का छोटा योगदान दिया और पूरी टीम 18.4 ओवर में 141 पर ही सिमट गई।

दिल्ली की तरफ से तमाम गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी की, मुकेश ने 3 ओवर में 17 रन दिए, एंगडी ने 3.4 ओवर में 27 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि टी नाटराजन ने भी 4 ओवर में 29 रन देकर 3 विकेट लिए. इसके अलाव कुलदीप यादव ने दो विकेट और अक्षर पटेल ने एक विकेट लिया।

## आईपीएल 2026ः नटराजन ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ अपनी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी की, एनगिडी के भी 3 विकेट

नईदिल्ली,(ए.)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 5वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ लखनऊ सुपर जायंट्स की पारी 18.4 ओवर में 141 रन पर सिमट गई। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में दिल्ली कैपिट की ओर से लुंगी एनगिडी और टी नटराजन ने उम्दा गेंदबाजी करते हुए 3-3 विकेट लिए। नटराजन ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया। आइए दोनों गेंदबाजों के प्रदर्शन पर एक नजर डालते हैं।

नटराजन ने अपने 4 ओवर के कोटे में 29 रन देते हुए 3 सफलताएं हासिल की। उन्होंने आयुष बडोनी, अब्दुल समद और मोहम्मद शमी को आउट किया। एनगिडी ने 3.4 ओवर में 27 रन देते हुए 3 विकेट लिए। इस दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज ने निकोलस पूरन, मोहसिन खान और एनरिक नोर्खिया को पवेलियन की राह दिखाई। इनके अलावा कुलदीप यादव ने अपने 4 ओवर में 31 रन देते हुए 2 विकेट लिए।

टी नटराजन ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ अब तक 3 मैच खेले हैं, जिसमें 31.8 की औसत के साथ कुल 5 विकेट लिए। पहली बार उन्होंने इस टीम के खिलाफ 3 विकेट चटकाए हैं। अपने आईपीएल करियर में नटराजन ने 64 मैचों में 29.24 की औसत और 8.90 की इकॉनमी रेट के साथ कुल 70 विकेट लिए।

# श्रीरामभक्त हनुमानजी के जन्मोत्सव पर दिन भर जारी रहा धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला

## बजरंगबली के जयघोष से गूंजती रही गली-गली, जयकारे के साथ जारी रहे भंडारे

नर्मदापुरम (निप्र)। ज्ञानियों में अग्रगण्य मारूती नंदन हनुमानजी के जन्मोत्सव के अवसर पर शहर के शताधिक हनुमान मंदिरों में धार्मिक आयोजनों का सिलसिला सुबह से लेकर शाम तक जारी रहा। शहर के सभी बजरंग मंदिर में जन्मोत्सव भक्तिभाव व धूमधाम के साथ मनाया गया। सभी मंदिरों में पूजन अर्चन, हवन, भजन, रामचरित मानस के अखंड पाठ, सुंदर कांड व हनुमान चालीसा के पाठ से लेकर चोला चढ़ाने, शोभायात्रा निकालने के साथ ही गली-गली में जय बजरंग बली के जयकारे और भंडारे के आयोजन होते रहे हैं। अनेक हनुमान मंदिरों में एक सप्ताह पूर्व से ही तैयारी चल रही थी। मंदिरों की पुताई के साथ विद्युत साज सज्जा और मंदिर परिसर को पीले रंग की झंडियों से सजाया गया। जिसमें श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल रहे।

### धूमधाम से निकाली शोभायात्रा

हनुमान मंदिरों में रामभक्त हनुमान का प्रकटोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान अनेक स्थानों पर धार्मिक अनुष्ठान किए गए। शहर के हनुमान भक्तों ने शोभायात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने जयबजरंगवली और श्रीराम के जयकारों के साथ डीजे पर राम भजन के आयोजन किए। बालागंज के हनुमान चौक मंदिर से दोपहर के समय भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सैंकडों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शाम के समय रामजीबाबा समाधि स्थल से बजरंगदल विहिप के द्वारा शोभायात्रा निकाली गई।

### पूजन अभिषेक के बाद हुआ भंडारा

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के हनुमान मंदिर में सुबह से लेकर शाम तक पूजन का क्रम जारी रहा। यहां पर मंदिर में श्रद्धालुओं के द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षा विभाग के कर्मचारियों अधिकारियों के साथ ही



अनेक शहर वासी भी शामिल हुए। यहां पर दिन भर भक्तों के द्वारा चोला चडाने का क्रम जारी रहा।

### लगाया विशेष लड्डू का भोग

शाहर के मुख्य प्रचीन खेड़ापति हनुमान मंदिर में हनुमान जी को बढ़े लड्डू का भोग लगाया गया। उसके बाद उसी लड्डू की प्रसादी वितरण की गई। मंदिर के पुजारी पप्पी महाराज ने बताया खेड़ापति हनुमान मंदिर में सुबह 5 बजे से तांता लगा हुआ है। सुबह के समय हनुमान का पूजन अभिषेक चोला चढ़ाने के बाद हवन किया गया। उसके बाद दोपहर में मंदिर में भंडारे का आयोजन शुरू हुआ जो शाम तक जारी रहा।

### वटेश्वर हनुमान मंदिर में विशेष श्रंगार

रसुलिया स्थित वटेश्वर हनुमान मंदिर में बड़ी संख्या में श्रदालु पहुंचे। भक्तों ने सुंदरकांड का पाठ कर सुख समृद्धि की कामना की। पं गोविंद पाराशर ने बताया कि मोहल्ले के भक्तों ने भव्य श्रृंगार किया है। इस मौके पर भक्तो ने मंदिर को बलून फूलमालाओं से मंदिर को सजाया। हनुमान जन्मोत्सव पर आराधना पूजा के साथ ही अभिषेक हवन पूजन किया गया। पूरे दिन जयश्रीराम और जय बजरंग बली के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा। भक्तो ने प्रसादी ग्रहण की। महाआरती व हवन पूजन का आयोजन हुआ।

### वकीलों ने की पूजन अर्चन

कोर्ट वाले हनुमान जी के मंदिर में रामचरित मानस का पाठ करने के साथ ही शहर के अनेक वकीलों ने हनुमान जी को चोला चढाने के साथ ही नया निशान चढ़ाया। इसी के साथ यहां पर भी भंडारे का आयोजन किया गया। जो दिन भर जारी रहा। इसी प्रकार कृषि विभाग के पास वाले हनुमान मंदिर, कसेरा मोहल्ला मोरछली चौक पर भी भंडारे के आयोजन हुए।

### पुलिस लाइन में हुई आराधना

पुलिस लाइन चिंताहरण हनुमान मंदिर में प्रात: काल आचार्य पंडित भागचंद तिवारी के आचार्यत्व में पंचांग पूजन एवं हनुमान जी का अभिषेक हवन कार्य संपन्न कराया गया इस अवसर पर पंडित आशीष गीते, पंडित दीपक शर्मा एवं पुलिस विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सभी मंदरों में उमढ़ते रहे श्रद्धालु

शहर के सभी हनुमान मंदिर जिनमें पंचुमुखी हनुमान मंदिर, सेठानी घाट हनुमान मंदिर, संकटमोचन हनुमान मंदिर, एसपीएम,आदमगढ़, मालाखेड़ी सहित ग्वालटोली के हनुमान मंदिर में भी अनेक आयोजन होते रहे। राममंदिर के पास वाले हनुमान मंदिरों में भी भक्तिभाव के आयोजन जारी रहे।



# मां नर्मदा की महा आरती हुई

नर्मदापुरम (निप्र)। प्रत्येक माह की पूर्णिमा एवं विभिन्न अवसरों पर होने वाली मां नर्मदा की महा आरती का आयोजन चैत्र पूर्णिमा एवं हनुमान जयंती के शुभअवसर पर नर्मदा तटके सेठानी घाट पर विप्रजनों द्वारा माँ नर्मदा जी की महाआरती सम्पन्न हुई। महा आरती संयोजक पंडित प्रशांत दुबे मुन्नू भाई के द्वारा प्रत्येक पर्णिमा पर विशेष तैयारी की जती है।

# जिला रोजगार कार्यालय नर्मदापुरम में कोटेशन आमंत्रित

नर्मदापुरम (निप्र)। जिला रोजगार कार्यालय नर्मदापुरम ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार मेला आयोजित करने जैसे टेन्ट हाउस, भोजन, नास्ता, जल.पान हेतु कोटेशन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक ठेकेदार 01 अप्रैल 2026 से 15 अप्रैल 2026 तक अपनी कोटेशन जमा कर सकते हैं।कोटेशन जमा करने के लिए जिला रोजगार कार्यालय नर्मदापुरम की शर्तों अनुसार 3 साल शासकीय कार्य का अनुभव, जीएसटी रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड अनिवार्य एवं आधार कार्ड अनिवार्य होगा। कोटेशन 16 अप्रैल 2026 को खोले जाएंगे।

# हनुमान जी से बड़ा कोई आदर्श नहीं- प्रमोद शर्मा

### जयंती पर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ



नर्मदापुरम (निप्र)। पवन पुत्र हनुमान जयंती समेरिटंस विद्यालय में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर डायरेक्टर डॉ आशुतोष शर्मा ने हनुमान जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया। इस अवसर पर संगीत विभाग के बच्चों द्वारा सस्वर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

इस अवसर पर प्रमोद शर्मा ने हनुमान जी के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हनुमान जी से बड़ा कोई रोल मॉडल नहीं हो सकता। वे सर्व गुण सम्पन्न होते हुए भी निर अहंकारी हैं। उत्तरदायित्व लेने में वे सबसे आगे रहते हैं। वे पहले ऐसे व्यक्ति हैं, जो सामान्य सेवक होते हुए भी देवता हो गए। आज देश में उनके आराध्य भगवान राम से ज्यादा उनके मंदिर हैं। उन्होंने कहा कि भगवान सबके संकट दूर करते हैं, जबकि हनुमान जी भगवान के संकट को दूर करते हैं। वे सदैव प्रसन्न रहते हैं। कार्यक्रम में प्राचार्य श्रीमती प्रेरणा रावत, आरके रघुवंशी, चंदन मंडल आदि उपस्थित रहे।

# लगातार अवकाश से शासकीय कार्य होते हैं प्रभावित

### अधिकारियों की कमी से लटक रहे लोगों के कार्य

नर्मदापुरम (निप्र)। अप्रैल में लगातार शासकीय अवकाश रहने से शासकीय कार्य बुरी तरह प्रभावित होते हैं। अधिकारियों की कमी से भी कई लोगों के कार्य रूके हुए हैं। कई जरूरतमंद लोगों के कार्य नही होने से उन्हें परेशानी हो रही है। पूर्व में महावीर जयंती, उसके बाद अब गुड फ्राइडे, उसके बाद शनिवार रविवार व अन्य अनेक अवकाश से अनेक शासकीय कर्मचारी सोमवार के अवकाश के लिए आवेदन दे देते हैं इससे उन्हें लगातार अवकाश मिल जाते हैं। ऐसी स्थिति में लोगों के नामांतरण सहित अन्य शासकीय कार्य प्रभावित होते हैं। वैसे भी सोमवार को टीलएल मंगलवार को जनसुनवाई के तहत अधिकारी व्यस्त हो जाते हैं। उनका आधा दिन बैठक में ही निकल जाता है। उसके बाद लंच हो जाता है लंच के बाद अधिकारी कब कार्यालय में आएं कब नहीं आए इसका कोई भरोसा नहीं रहता है। कोई मानिटरिंग भी नहीं होती है। इससे आम लोगों को बेहद कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। बुधवार को भी कई लोग अवकाश पर चले जाते हैं। एक आवेदक ने बताया कि उन्हें तहसील में कार्य होने से लगातार अवकाश के चलते पूरा सप्ताह ऐसा ही चला गया। आम नागरिक अशोक त्रिपाठी ने कहा कि अब शासन को पांच दिनी सप्ताह के जगह 7 दिनी सप्ताह कर देना चाहिए। वोट की नीति के कारण इतने अधिक अवकाश देने से शासकी कार्यों में बाधा आ रही है। फिर जब किसी दिन लगातार अवकाश आ रहे हैं तो उनमें कुछ अवकाश रद्द किए जाने चाहिए जिससे लोगों के कार्य नहीं रूक सकें या फिर उन दिनों के वेतन की कटौती होनी चाहिए क्योंकि बिना काम के मानदेय देने का रिवाज अब खत्म होना चाहिए। क्या इतने अवकाश किसी प्रायवेट कर्मचारियों को मिल सकते हैं। यदि नहीं तो फिर सबके साथ एक जैसा व्यवहार क्यों नहीं किया जा सकता।

# चैत्र पूर्णिमा के अवसर पर नर्मदा में खूब लगी डुबकियां

### -विशेष स्नान पर्व का लाभ लेने घाटों पर दिन भर लगा रहा श्रद्धालुओं का तांता



फाईल फोटो

नर्मदापुरम (निप्र)। धार्मिक पर्व चैत्र माह की पूर्णिमा के अवसर पर हजारों श्रद्धालु ने मां नर्मदा में स्नान कर पुण्य लाभ लिया। गुरूवार को सुबह से ही नर्मदा तट पर स्नानार्थियों का तांता लगने लगा था। दोपहर तक घाटों पर भीड़ रही। शहर के सभी एक दर्जन घाटों पर स्नानार्थी ब्रम्हमुहुर्त से ही स्नान पर्व का लाभ लेने के लिए पहुंचने लगे थे। मां नर्मदा की जलधारा में सुबह से लेकर दोपहर तक खूब डुबकियां लगी। इसी के साथ मंदिरों में पूजन अभिषेक के साथ ही धार्मिक कार्यक्रम जारी रहे। कई किसानों की नई फसल आने के कारण आसपास के कई गांवों के किसान अपने परिजन और पडोसियों के साथ ट्रैक्टर ट्रालियों से भंडारे के आयोजन करने के लिए आए हुए थे। नर्मदा तट के अनेक स्थानों पर दोपहर के समय भंडारे के आयोजन होते रहे। जिनमें सर्किट हाउस के पास वाले घाट पर तथा सेठानी घाट, मंगलवारा घाट, पर्यटन घाट और विवेकानंद घाट के इन स्थानों पर अब मेला जैसा माहौल बनने लगा है। क्योंकि यहां पर अब गर्मी के दौरान हर दिन भंडारे के आयोजन होना है। पूर्णिमा के अवसर पर तेज गर्मी के बाद भी ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पुण्य कमाने लिए नर्मदा तट के घाटों पर पहुंच कर स्नान दान कर रहे थे। वहीं इस मौके पर अनेक लोगों ने भगवान सत्यनारायण की कथा भी कराई।

### स्नान पर्व का लाभ नहीं छोड़ना चाहते श्रद्धालु

पंडितों ने कहा कि पूर्णिमा और अमावस्या जैसे स्नान पर्व पर पवित्र नदियों में स्नान करने से विशेष पुण्य मिलता है। इस बार अब मां नर्मदा जैसी पवित्रतम नदी में स्नान का मौका नहीं छोड़ा जा रहा है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए इन विशेष पर्व का लाभ उठाकर ऐसे अवसरों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के द्वारा श्रद्धापूर्वक डुबकी लगाते हुए धर्म लाभ लिया गया। चैत्र माह से लेकर अब ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा तक इन स्थानों पर ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले श्रद्धालुओं के द्वारा भंडारे के आयोजन किए जाएंगे। यहां पर अनेक छायादार पेड़ होने तथा नर्मदा जी का सुहाने घाट और मंदिर सहित धर्मशालाएं होने से श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र यह तटीय क्षेत्र रहेगा। पर्यटन के तहत भी लगातार लोगों के यहां आने से अनेक दुकानदारों के द्वारा यहां पर दुकान लगाई जाती हैं। घाटों पर मेला जैसा लग रहा है।

# नर्मदापुरम में जिला स्तरीय पुस्तक मेला का आगाज, बच्चों और अभिभावकों की उमड़ी भीड़



नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम के एस.एन.जी. स्कूल में लगाए गये जिला स्तरीय पुस्तक मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष, श्रीमती नीतू महेन्द्र यादव ने किया। 2 से 4 अप्रैल तक चलने वाले इस मेले में पुस्तक और स्टेशनरी पर विशेष छूट मिल रही है। मेले में शासकीय और अशासकीय विद्यालयों की पाठ्यपुस्तकें, कापी, स्टेशनरी, स्कूल बेग, शूज आदि के 12 विक्रेताओं द्वारा दुकानें लगाई गई हैं। पुस्तक मेले में बच्चों तथा अभिभावकों की भारी भीड़ उमड़ी। आज के शुभारंभ अवसर पर विशेष अतिथि श्रीमती सविता राजपूत, विधायक प्रतिनिधि, विशेष अतिथि ब्रजेन्द्र रावत, संयुक्त कलेक्टर नर्मदापुरम, डॉ. मनीष वर्मा, संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, श्रीमती इंदु बचले, श्रीमती रत्ना जैन, एल एन प्रजापति जिला शिक्षा अधिकारी, राजेश जायसवाल, डीपीसी, राजेश गुप्ता, एडीपीसी, संस्था के प्राचार्य संदीप शुक्ला, राजेश शर्मा, श्रीमती कीर्ति शिवपुरिया, श्रीमती अर्चना मिश्रा, विक्रम नरवरिया विभागीय अधिकारी, प्राचार्य, शिक्षक, कार्यालयीन कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# अपर कलेक्टर बृजेंद्र रावत ने प्रवेशोत्सव के तहत बच्चों का किया उत्साहवर्धन

### शासकीय वाहन से स्कूल पहुंचे कक्षा पहली के विद्यार्थी



नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिले भर में शाला प्रवेश उत्सव के अंतर्गत अधिकारियों द्वारा विभिन्न विद्यालयों में पहुंचकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया जा रहा है तथा उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को अपर कलेक्टर बृजेंद्र रावत एवं अधीक्षक भू-अभिलेख डॉ. सुरेखा यादव शासकीय माध्यमिक शाला खेड़ला पहुंचे और भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत प्रवेशोत्सव में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में गायन एवं नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें सभी बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। साथ ही विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक गायन प्रस्तुत किया गया, जिसने उपस्थित अधिकारियों का मन मोह लिया। अधिकारियों ने बच्चों से गणित के रेंडम प्रश्न पूछकर उनकी शैक्षणिक क्षमता का आकलन किया और उनका मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर बच्चों को स्नेहपूर्वक पेन, कंपास एवं स्केल वितरित किए गए तथा उन्हें नियमित रूप से स्कूल आने के लिए प्रेरित किया गया। विशेष रूप से अपर कलेक्टर श्री रावत द्वारा एक सराहनीय पहल करते हुए कक्षा पहली में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी—यशिका बकोरिया, अन्वी बकोरिया, साक्षी कौर एवं लक्ष्य यादव—को शासकीय वाहन में बैठाकर स्कूल लाया गया और उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ एवं अन्य गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

### *पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति के लिए कंट्रोल रूम स्थापित*

*नर्मदापुरम (निप्र)। जिले में पेट्रोलियम पदार्थों डीजल, पेट्रोल, एलपीजी, पीएनजी, एवं सीएनजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा आपूर्ति सुचारू रूप से बनाये रखने एवं कमर्शियल गैस सिलेण्डर के प्राथमिकता अनुसार संस्थाओं को वितरण करने तथा प्रतिदिन उपभोक्ताओं की शिकायतों को दर्ज कर उनका त्वरित रूप से निराकरण करने के लिए कलेक्टर नर्मदापुरम द्वारा जिला स्तर पर समिति का गठन किया गया है।*

# जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल शक्ति से नव भक्तिः ग्राम करणपुर में जल मंदिर प्याऊ का शुभारंभ




नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा समस्त जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान अंतर्गत नवांकुर संस्था निर्मल विकास सेवा समिति सोहागपुर द्वारा 'जल शक्ति से नव भक्ति' के तहत ग्राम करणपुर में 'जल मंदिर प्याऊ' का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर संस्था सदस्यों ने जल पात्रों की पूजा कर राहगीरों के लिए शीतल जल की व्यवस्था की।इस अवसर पर विकास खण्ड समन्वयक किशोर कड़ोले, श्रीमती लता कुशवाहा, चेनसिंग कुशवाहा, परामर्शदाता गजेंद्र सिंह ठाकुर, नवरंग युवा मंडल संस्था से संदेश मिश्रा, मित्र संघ से कमल किराए, परामर्शदाता मंजू पवार, संजीव, सचिन, स्टूडेंट गौतम, हीरा कुशवाहा उपस्थित रहे। संस्था द्वारा आगामी समय में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सभी गतिविधियों का व्यवस्थित रूप से संचालन किया जाएगा।

# समाधान योजना के द्वितीय चरण की अवधि में डेढ़ माह का विस्तार

### अब 15 मई 2026 तक मिलेगा 90 फीसदी तक सरचार्ज में छूट का लाभ, जल्दी आएं, एक मुश्त भुगतान कर ज्यादा लाभ पाएं

नर्मदापुरम (निप्र)। मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के द्वितीय चरण की अवधि डेढ़ माह और बढ़ा दी गई है। बकायादार उपभोक्ताओं की सतत भागीदारी और उनके उत्साह को देखते हुए योजना के द्वितीय चरण की अवधि अब 15 मई 2026 कर दी गई है। पिछले साल 3 नवंबर से शुरू हुई समाधान योजना 2025-26 में शामिल होकर लाखों बकायादार उपभोक्ताओं ने छूट का लाभ लिया है। कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ता योजना के द्वितीय चरण में शामिल होकर अपना बकाया बिल एकमुश्त जमा करके 90 फीसदी तक सरचार्ज माफी का लाभ उठा सकते हैं।मध्यप्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के लागू होने से ऐसे अनेक उपभोक्ता हैं जो बकाया बिल जमा कर रहे हैं और एकमुश्त बकाया राशि जमा करने पर अधिकतम छूट का लाभ ले रहे हैं। यह योजना उन बकायादार उपभोक्ताओं के लिए वरदान बनी है जो सरचार्ज के कारण मूलधन राशि जमा नहीं कर पा रहे थे। अब उन्हें समाधान योजना के द्वितीय चरण में सरचार्ज में 70 से लेकर 90 प्रतिशत तक छूट के साथ एकमुश्त अथवा किस्तों में भुगतान करने पर 50 से लेकर 60 प्रतिशत तक छूट का विकल्प मिल रहा है।

### समाधान योजना 2025-26: एक नजर में

समाधान योजना 2025-26 का उद्देश्य 3 माह से अधिक अवधि के उपभोक्ताओं को बकाया विलंबित भुगतान के सरचार्ज पर छूट प्रदान करना है। यह योजना जल्दी आएं, एकमुश्त भुगतान कर ज्यादा लाभ पाएं के सिद्धांत पर आधारित है। दो चरणों में लागू इस योजना के दूसरे और अंतिम चरण में 15 मई 2026 तक बकाया बिल जमा करने पर 50 से लेकर 90 प्रतिशत तक सरचार्ज माफ किया जा रहा है।

# अमित शाह ने भरी हुंकार..पूरा बंगालम्यूजिक जोन नर्मदापुरम का "सौहार्द दिवस समारोह" आज

नर्मदापुरम (निप्र)। म्यूजिक जोन नर्मदापुरम द्वारा समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर संगीत में रुचि रखने वाले कलाकारों को मंच प्रदान किया जाता रहा है। संस्था द्वारा न केवल कला को बढ़ावा दिया जा रहा है, बल्कि समाज में आपसी प्रेम, सम्मान और भाईचारे को मजबूत करने के लिए भी निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आगामी 3 अप्रैल को सौहार्द दिवस समारोह का आयोजन म्यूजिक जोन द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकरों के अलावा बाहर से भी कलाकारों एवं वरिष्ठ नागरिकों को आमंत्रित किया गया है । इस संबंध में जानकारी देते हुए जोन के सचिव सईद कुरैशी ने बताया कि म्यूजिक जोन शहर की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करता रहा है ।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com